New Beginning

मास्टरमाइन्ड

# हिंदी व्याकरण एवं रचना

सहायक-पुस्तिका

1-5




*A New Beginning Programme for Kids by MASTERMIND.*

# व्याकरण-1

## 1. भाषा और व्याकरण

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–**

(क) (अ) हाँ (ख) (ब) लिखित और मौखिक

(ग) (अ) हिंदी

**2. राज्य और भाषा को मिलाइए–**

| | **राज्य** | **भाषा** |
|---|---|---|
| (क) | गुजरात | राजस्थानी |
| (ख) | तमिलनाडु | बांग्ला |
| (ग) | राजस्थान | पंजाबी |
| (घ) | बंगाल | तमिल |
| (ङ) | पंजाब | गुजराती |

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) विचारों को बोलकर या लिखकर दूसरों को समझाना ही भाषा है।

(ख) भाषा के दो रूप हैं–1. मैखिक भाषा 2. लिखित भाषा।

(ग) भाषा को शुद्ध रूप में बोलने व लिखने के नियमों को ही व्याकरण में सिखाया जाता है।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. चित्र देखकर उसके नीचे भाषा का रूप लिखिए–**



मौखिक भाषा



लिखित भाषा

**2. वर्ग पहेली में से चार भाषाओं के नाम चुनकर लिखिए–**

गुजराती
पंजाबी
राजस्थानी
तमिल

| | | | |
|---|---|---|---|
| र | गु | न | रा |
| द | ज | ब | ज |
| ल | रा | ल | स् |
| ह | ती | फ | था |
| ग | श | ट | नी |
| पं | जा | बी | प |
| त | मि | ल | र |

# 2. वर्णमाला

## अभ्यास

### विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (ब) शब्द (ख) (ब) हलन्त (ग) (अ) अ

**2. प्रश्नोत्तर–**

(क) ध्वनि का वह रूप जिसके और टुकड़े नहीं हो सकते वर्ण कहलाता है।

(ख) वर्णों का वह समूह जो एक निश्चित क्रम में रखा जाता है, उसे वर्णमाला कहते हैं।

(ग) वर्ण दो प्रकार के होते हैं–1. स्वर 2. व्यंजन।

(घ) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र संयुक्त व्यंजन हैं।

### रचनात्मक और नवीनता

**1. जोड़कर लिखिए–**

क् + आ + ल् + आ = काला

म् + अ + क् + आ + न् + अ = मकान

ल् + औ + क् + ई = लौकी

ल् + अ + ड् + ड् + ऊ = लड्डू

**2. वर्णमाला के छूटे हुए वर्ण लिखिए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |

# 3. मात्राएँ

## अभ्यास

### विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (ब) नहीं (ख) (ब) नहीं (ग) (ब) नही (घ) (अ) हाँ

**2. सही मेल कीजिए–**

| | |
|---|---|
| (क) ऐ | ि |
| (ख) आ | ू |
| (ग) इ | ा |
| (घ) ऊ | ै |
| (ङ) ए | |

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) व्यंजन के पहले लगने वाला मात्रा इ ( ि ) होती है।

(ख) व्यंजन के ऊपर लगने वाली मात्राएँ ए ( े ), ऐ ( ै ) होती हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **इन शब्दों पर अनुस्वार ( ं ) या अनुनासिक ( ँ ) जो लगना चाहिए, लगाइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पजा | पंजा | आगन | आँगन | आवला | आँवला |
| काटा | काँटा | रग | रंग | पतग | पतंग |
| शख | शंख | सिदूर | सिंदूर | आख | आँख |
| साप | साँप | पखा | पंखा | आच | आँच |

2. **इन मात्राओं को दो-दो वर्णों पर लगाकर लिखिए–**

| ी | ु | ि | े |
|---|---|---|---|
| की भी | कु मु | कि मि | के मे |

3. **बताइए–**

'पूजा' शब्द में 'ऊ' तथा 'आ' की मात्रा का प्रयोग हुआ है।

हाँ, अजगर शब्द में 'अ' की मात्रा का प्रयोग हुआ है।

# 4. शब्द और वाक्य

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (अ) वर्णों के सही मेल से (ख) (ब) शब्दों के सही मेल से

(ग) (अ) आवश्यक है

2. **वाक्यों को ठीक कीजिए–**

(क) नितिन पानी पीता है। (ख) मैं कल खेलने गया था।

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **सही शब्दों पर गोला लगाइए–**

(नमक,) टरब, (जगमग,) लझक

2. **शब्द लड़ी बनाइए–**

टीना
नानी
नीता
ताज
जहाज
जग

3. **उचित वर्ण भरकर शब्द बनाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ज | ल | | |
| क | ल | र | व |
| स | र | प | ट |
| त | र | क | श |
| अ | ज | ग | र |

# 5. संज्ञा

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (अ) नाम (ख) (अ) संज्ञा (ग) (अ) हाँ

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. चित्र देखकर नाम लिखिए–**


खरगोश


चूहा


सोफा


साइकिल

**2. संज्ञा शब्दों पर गोला लगाइए–**

(पंक्ति) (राजा) (साबुन) वह यह मैं (देश) चल

(आम) (नमक) (मिर्च) (मिठाई) (रूमाल)

# 6. सर्वनाम

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (अ) हाँ (ख) (ब) सर्वनाम (ग) (ब) नहीं

**2. संज्ञा और सर्वनाम शब्दों को अलग-अलग कॉलम में लिखिए–**

| संज्ञा | सर्वनाम |
|---|---|
| हाथी, राजा | वह |
| बंदर | हम |
| जूता | तुम |
| बेलन | वे |
| बोतल | |

**3. प्रश्नोत्तर–**

जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. निम्नलिखित शब्दों में से सर्वनाम शब्दों पर ✓ का निशान लगाइए–**



**2. सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–**

(क) मैं गाता हूँ। (ख) तुम पढ़ते हो।

(ग) वे आ चुके हैं। (घ) यह पुस्तक अच्छी हैं।

# 7. लिंग

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (ब) नहीं (ख) (अ) हाँ (ग) (अ) हाँ

**2. स्त्रीलिंग लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मामा | **मामी** | चाचा | **चाची** |
| गुड्डा | **गुड़िया** | माली | **मालिन** |
| बंदर | **बंदरिया** | धोबी | **धोबिन** |

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) शब्द के जिस रूप से उसके स्त्री जाति अथवा पुरुष जाति के होने का पता चलता है, उसे लिंग कहते हैं।

(ख) स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं। जैसे–लड़की, शेरनी आदि।

(ग) पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिग कहलाते हैं। जैसे–लड़का, शेर आदि।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. चित्र देखकर सही शब्द भरिए–**




मालिन माला **बनाती** है।



शुभम **पढ़ता** है।



निधि रस्सी कूद **रही** है।



सुबह हो **रही** है।

**2. सही मेल कीजिए–**

नाना जी → फल लाते हैं।
शेर → दहाड़ता हैं।
रेल → छुक-छुक करती है।
चिड़िया → उड़ रही है।
धोबिन → कपड़े धोती है।

**3. सुमेल कीजिए–**

| | |
|---|---|
| दूल्हा | मोटी |
| मोटा | काली |
| काला | लंबी |
| ठिगना | दुल्हन |
| लंबा | ठिगनी |

## 8. वचन

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. रिक्त स्थान में उचित शब्द भरिए–**

(क) एक व्यक्ति या वस्तु **एकवचन** कहलाता हैं।

(ख) जूते शब्द **बहुवचन** है।

(ग) फ्रॉक शब्द **एकवचन** है।

**2. चित्र देखकर लिखिए कि वह 'एक' है या 'अनेक'–**



एक

अनेक






एक

एक





अनेक

**रचनात्मक और नवीनता**

**शब्द पहेली–**

**दिए गए बॉक्स में कुछ शब्द एकवचन के और कुछ बहुवचन के हैं। उन्हें ढूँढ़कर लिखिए–**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| चिड़िया | ताले |
| टब | केले |
| टोकरी | कटोरियाँ |
| चाबी | गुल्लकें |
| चारपाई | पैसे |
| | गुड़ियाँ |

# 9. विशेषण

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (ब) विशेषण (ख) (अ) हाँ

**2. विशेषणों से मिलाइए–**

| **विशेषण** | **संज्ञा** |
|---|---|
| (क) गरम → चाय | शर्बत |
| (ख) ठंडा → शर्बत | अचार |
| (ग) खट्टा → अचार | घास |
| (घ) हरी → घास | चाय |
| (ङ) नीला → सागर | मिर्च |
| (च) तीखी → मिर्च | सागर |

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. सही शब्द चुनकर भरिए–**


(क) रसगुल्ले **मीठे** लगते हैं।

(ख) गाय पालतू **पशु** है।

(ग) सदा **सच** बोलो।

(घ) चिड़िया का शरीर **हलका** होता है।

**2. विशेषण शब्दों पर गोल खींचिए–**




# 10. क्रिया

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (अ) काम का होना (ख) (अ) हाँ

**2. प्रश्नोत्तर–**

(क) जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का पता चलता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।

(ख) क्रिया के उदाहरण–चलना, सोना, चढ़ना, उतरना, सुनना, पढ़ना, देखना आदि।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. आप प्रतिदिन कौन-कौन सी क्रियाएँ करते हैं, लिखिए; जैसे–**

| | | |
|---|---|---|
| उठना | खाना | खेलना |
| पढ़ना | सोना | नहाना |
| चलना | बोलना | हँसना |

**2. क्रिया शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–**

(क) मोर नाचता है। (ख) आँधी चलती हैं।

(ग) कोयल कूकती हैं। (घ) फूल खिलते हैं।

## खंड 'ख' रचना

# 11. निबंध लेखन

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

- **दिए गए विषयों पर दस-दस वाक्य लिखकर निबंध पूरा कीजिए–**

### 1. मेरे अध्यापक

1. विशाल शर्मा हमारे कक्षा अध्यापक हैं।
2. वे हमें हिंदी पढ़ाते हैं।
3. वे हमेशा समय पर विद्‌यालय आते हैं।
4. वे सादे और साफ वस्त्र पहनते हैं।
5. वे हमें बहुत सरल तरीके से पाठ समझाते हैं।
6. उन्हें गायन का भी शौक है।
7. वे सभी बच्चों से स्नेह करते हैं।
8. वे अविवाहित हैं।
9. वे कक्षा में शांति बनाए रखते हैं।
10. हमें अपने कक्षाध्यापक बहुत प्रिय हैं।

### 2. दीपावली

1. दीपावली हिंदुओं का बड़ा त्योहार है।
2. यह कार्तिक अमावस्या को मनाया जाता है।
3. इस दिन प्रभु राम; माता सीता व लक्ष्मण जी सहित वापस अयोध्या आए थे।
4. इस दिन सभी अपने घरों को सजाते हैं।
5. सभी लोग रंगोली बनाते हैं।
6. स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जाते हैं।
7. कुछ लोग आतिशबाजी भी करते हैं।
8. शाम को लक्ष्मी पूजन किया जाता है।
9. कुछ बुरे लाग जुआ खेलकर त्योहार का अपमान करते हैं।
10. दीपावली प्रेम व सद्‌भाव का प्रतीक है।

# 12. पत्र-लेखन

## प्रार्थना-पत्र

- **विवाह में जाने हेतु अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र–**

सेवा में,
आदरणीय प्रधानाचार्य,
भगत सिंह आवासीय विद्यालय,
बठिंडा, पंजाब।
महोदय,
सविनय निवेदन है कि मुझे पिता जी और माता जी के साथ राजस्थान जाना है। वहाँ मेरी बुआ जी का विवाह है। कृपया मुझे दिनांक 10-12-20....... से 12-12-20.... तक का अवकाश प्रदान करें।
धन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी शिष्य
अविनाश वर्मा
कक्षा-1 (अनक्रमांक 20)
दिनांक : 9-12-20......

# व्याकरण-2

## खंड 'क' व्याकरण

## 1. भाषा और व्याकरण

अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (ब) लिखकर व बोलकर

(ख) (अ) दो

(ग) (ब) अलग-अलग होती है

(घ) (अ) भाषा के नियमों का

**2. प्रश्नोत्तर–**

(क) जब हम अपनी बात बोलकर या लिखकर दूसरों को समझाते हैं तथा उनकी बात सुनकर या पढ़कर स्वयं समझते हैं तो विचारों का यह आदान-प्रदान ही भाषा कहलाता है।

(ख) जब हम अपनी बात बोलकर प्रकट करते हैं और दूसरों की बात सुनकर समझते हैं तो भाषा का यह रूप मौखिक भाषा कहलाता है।

(ग) हिंदी, अंग्रेज़ी, अरबी, फ्रेंच, स्पेनिश, चीनी आदि विश्व की कुछ प्रमुख भाषाएँ हैं।

(घ) जिस शास्त्र द्वारा भाषा को शुद्ध रूप से बोलना व लिखना सिखाया जाता है, उसे 'व्याकरण' कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. चित्र देखकर उसके नीचे भाषा का रूप लिखिए–**



मौखिक भाषा



लिखित भाषा



लिखित भाषा



लिखित भाषा

## 2. वर्ण और मात्राएँ

**अभ्यास**

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. स्वरों और व्यंजनों को सही स्थान पर लिखिए–**

| स्वर | व्यंजन |
|---|---|
| अ | ट, व |
| ए | न |

उ　　　　　　　　　　प
ओ　　　　　　　　　　फ
ई　　　　　　　　　　र
　　　　　　　　　　　म

2. **शब्दों पर या उसके साथ अनुस्वार, अनुनासिक, आगत ध्वनि या विसर्ग जो लगना चाहिए, लगाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पलंग | अंगूर | बाँस | शंख |
| फ्रॉक | डॉक्टर | हंस | बाँसुरी |
| क्रमशः | प्रातः | अंक | दाँत |

3. **प्रश्नोत्तर–**

(क) वह छोटी से छोटी ध्वनि जिसके और टुकड़े नहीं हो सकते, उसे 'वर्ण' कहते हैं। 'वर्ण' को 'अक्षर' भी कहते हैं।

(ख) जब किसी व्यंजन के साथ किसी स्वर का मेल होता है तो स्वर का रूप बदल जाता है। स्वर का यह बदला हुआ रूप ही मात्रा कहलाता है।

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **चित्र देखकर सही मात्राएँ लगाइए और शब्द पूरे कीजिए–**

| | |
|---|---|
| सा ब न = साबुन | ट क र = टोकरी |
| प प त = पपीता | ल च = लीची |
| क ष क = कृषक | स म स = समोसा |
| ह थ ड़ = हथोड़ी | त त ल = तितली |

2. **इन वर्णों का प्रयोग करते हुए दो-दो शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ड | डमरू | लड्डू | ढ | ढक्कन | ढपली |
| ड़ | कपड़ा | चमड़ा | ढ़ | कढ़ाई | चढ़ना |

# 3. शब्द और वाक्य

अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (ब) नहीं　　(ख) (अ) हाँ　　(ग) (अ) होता है

2. **प्रश्नोत्तर–**

(क) दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।

(ख) शब्दों के सार्थक मेल से वाक्य बनते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **वर्णों का विच्छेद कीजिए अर्थात् उन्हें खोलकर लिखिए–**

हरि – ह् + अ + र् + इ
दूध – द् + ऊ + ध् + अ
बालक – ब् + आ + ल् + अ + क् + अ
पुस्तक – प् + उ + स् + त् + अ + क् + अ

2. **शब्दों को सही क्रम में रखकर वाक्य बनाइए–**

(क) मैं कल बाजार गई थी।

(ख) कल विद्यालय बंद रहेगा।

(ग) प्रतिदिन व्यायाम किया करो।

(घ) अपनी गलती मान लेनी चाहिए।

3. **वर्णों को इस प्रकार लिखिए कि उनसे सार्थक शब्द बन जाए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ताजू | **जूता** | यादलि | **दलिया** |
| रातंस | **संतरा** | नीटच | **चटनी** |
| नारश | **रशना** | मीसमौ | **मौसमी** |
| कनम | **नमक** | मआ | **आम** |

## 4. संज्ञा

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**


1. **नाम लिखिए–**

(क) महात्मा गांधी, नरेंद्र मोदी।
(ख) आम मेज।
(ग) शेर मुर्गा।
(घ) मेरठ भोपाल
(ङ) हँसना रोना

2. किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **संज्ञा शब्दों पर गोला लगाइए–**




2. **वर्ग पहेली में से संज्ञा शब्दों को ढूँढ़कर लिखिए–**

बुढ़ापा, गिलास, प्याली, चम्मच, नमक, रोहित, चटनी, मूली, हाथी, शलगम, नाली, कल, नीर, जल

## 5. लिंग

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **स्त्रीलिंग लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मामा | **मामी** | चाचा | **चाची** |
| भैया | **बहन** | मोर | **मोरनी** |
| चोर | **चोरनी** | सेठ | **सेठानी** |

**2. लिंग बदलकर वाक्यों को फिर से लिखिए–**

(क) मालिन ने फूल एकत्र किए।

(ख) नौकरानी ने भोजन बनाया।

(ग) अध्यापक ने कॉपियां जाँची।

(घ) दुल्हन ने वरमाला पहनाई।

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) जो शब्द पुरुष जाति या स्त्री जाति का बोध कराते हैं, वे लिंग कहलाते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**शब्दों को समझकर सही कलश में लिखिए–**

| **पुल्लिंग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| मोती | घड़ी |
| चाकू | जेब |
| घड़ा | माला |
| केला | छुरी |
| संतरा | मौसमी |
| सेब | कमीज |

# 6. वचन

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. बहुवचन लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| झंडा | **झंडे** | पुस्तक | **पुस्तकें** |
| अंडा | **अंडे** | परदा | **परदें** |
| तौलिया | **तौलिए** | गुल्लक | **गुल्लकें** |
| चाबी | **चाबियाँ** | रेल | **रेलें** |

**2. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

(क) बूँदे बरस रहीं हैं।

(ख) बस चली गई।

(ग) तिनका उड़ गया।

(घ) हम घर जा रहे थे।

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) शब्द के जिस रूप से हमें उसके एक या अनेक होने का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।

वचन दो प्रकार के होते हैं–1. एकवचन 2. बहुवचन।


**रचनात्मक और नवीनता**

**1. सही कॉलम में लिखिए–**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| गेंद, तश्तरी | साड़ियाँ, कुर्सियाँ |
| मुर्गी, बस्ता | कमीजें, पुस्तकें |
| चारपाई, संतरी | खिलौने |
| बल्ला | पतंगे |


**2. चित्र के नीचे लिखिए कि वह एकवचन है या बहुवचन–**



बहुवचन


बहुवचन


एकवचन


एकवचन


बहुवचन


एकवचन

# 7. सर्वनाम

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सही कथन के सामने ✓ तथा गलत के सामने ✗ लगाइए–**

(क) (✗) (ख) (✗) (ग) (✓) (घ) (✓)

**2. रिक्त स्थानों में उचित सर्वनाम शब्द भरिए–**

(क) **हम** लकड़ियाँ काट रहे हैं।
(ख) कल **वे** गाजियाबाद जाएँगे।
(ग) यह रहा **तुम्हारा** रुमाल।
(घ) गलत ढंग से काम करना **उसकी** आदत बन गई है।

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–**

(क) उसने मुझे उपहार दिया।
(ख) सब्जी लाकर आप आराम करेंगे।
(ग) वे रात देर तक गप्पे हाँकते रहे।
(घ) वह ठंडे पानी से नहाता है।

**2. अलग-अलग लिखिए–**

| **संज्ञा** | **सर्वनाम** |
|---|---|
| स्वीटी, पुष्प | हम, उसका |
| नीना, रितु | वह |
| मोहित, कमल | तुम |
| शीना | आप |

**3. रेखांकित संज्ञा शब्दों के स्थान पर उचित सर्वनाम लिखिए–**

नीना ने कहा कि उसे भूख लगी है।
रमेश ने कहा कि वह कल दिल्ली जाएगा।
सुमन ने बताया कि उसे विद्यालय जाना है।

## 8. विशेषण

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सही मेल कीजिए–**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| चंचल | आसमान |
| नीला | परी |
| दयालु | तितली |
| शैतान | घटना |
| सच्ची | बंदर |

(चंचल → बंदर, नीला → आसमान, दयालु → परी, शैतान → तितली, सच्ची → घटना)

**2. रिक्त स्थान में उचित विशेषण भरिए–**

(क) सुरभि पढ़ाई में **होशियार** है।
(ख) टमाटर **नरम** हैं।
(ग) आज **ठंडी** हवा चल रही है।
(घ) बाजार घर से **दो किलोमीटर** दूर है।

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. पेड़ के पत्तों पर कुछ विशेषण शब्द लिखिए–**

तेज मोटा बड़ा हम काला सुंदर

**2. विशेषण शब्दों के मोती चुनकर माला में पिरोइए–**

हरा नीला लंबी कमजोर दयालु
तेज भारी ऊँचा ठिगना

## 9. क्रिया

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**समझकर लिखिए–**

| 1. क्रिया | मूलधातु– |
|---|---|
| (क) दौड़ रहे हैं | दौड़ना |
| (ख) नाच रही है | नाचना |
| (ग) गा रहा है | गाना |
| (घ) सो रही है | सोना |
| (ङ) रो रहा है | रोना |

**2. उचित क्रियापद भरकर वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) शमिता खाना **खाती है**।　　(ख) रेवती रस्सी **कूद रही है**।

(ग) रोहित मैदान मे **खेल रहा है**।　　(घ) अध्यापक बोर्ड पर **लिखते हैं**।

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) जिन शब्दों से किसी काम का करना या होना पाया जाए, उन्हें क्रिया कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. चित्र देखकर उसके नीचे होने वाली क्रिया की मूल धातु लिखिए–**


लिखना


तैरना


देखना


गाना


पढ़ना


उड़ना

**2. उचित क्रियापद छाँटकर वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) नदी लगातार **बहती** है।　　(ख) कुत्ता **भौंकता** है।

(ग) खिलाड़ी **खेलते** है।　　(घ) झींगुर **गुन-गुन** करता हैं।

## 10. पर्यायवाची शब्द

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. जो शब्द पर्यायवाची नहीं हैं, उस पर ✗ लगाइए–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) सूर्य | सूरज | शशि ✗ |
| (ख) माँ | नारी ✗ | माता |
| (ग) चन्द्र | रजनी ✗ | चाँद |
| (घ) नभ | चमन ✗ | गगन |

**2. इनके पर्यायवाची लिखिए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **अग्नि** | – | आग | अनल | पावक |
| **मित्र** | – | दोस्त | सखा | बंधु |
| **कपड़ा** | – | वस्त्र | वसन | अंबर |
| **पेड़** | – | वृक्ष | पादप | विटप |

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) समान अर्थ वाले शब्दों को पर्यायवाची या समानार्थक शब्द कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. पर्यायवाची शब्दों को मिलाइए–**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| आकाश | आसमान |
| शरीर | पानी |
| वायु | हरि |
| भगवान | पहाड़ |
| पर्वत | समीर |
| जल | काया |

2. **वर्ग पहेली में से समानार्थक शब्द ढूँढ़कर लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खुशी | – | **आनंद** | रात | – | **रजनी** |
| मित्र | – | **दोस्त** | नारी | – | **महिला** |

# 11. विलोम शब्द

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **उल्टे अर्थ वाले शब्द लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आदर | **अनादर** | पाप | **पुण्य** |
| ठंडा | **गर्म** | दूर | **पास** |
| खुशबू | **बदबू** | स्वस्थ | **अस्वस्थ** |

2. **विलोम शब्दों को मिलाइए–**

| **(क)** | **(ख)** |
|---|---|
| खरा | बड़ा |
| ज्ञान | पराया |
| मौखिक | खोटा |
| छोटा | अज्ञान |
| अपना | लिखित |

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **चित्र देखकर शब्द और उसका विलोम लिखिए–**


राजा × रंक


वीर × कायर


गर्म × ठंडा


सर्दी × गर्मी


पुष्प × कंटक

**खंड 'ख' : रचना**

# 12. कहानी-लेखन

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

- **इन विषयों पर कोई छोटी-सी कहानी लिखिए–**

**लालच का फल**

एक बार एक गरीब बुढ़िया को कहीं से एक जादुई मुर्गी मिल गई। वह मुर्गी रोज एक सोने का अंडा देती थी। सोने का अंडा लेकर बुढ़िया का बेटा बाजार जाता और उसे बेच आता। इस प्रकार वे अमीर होने लगे। एक दिन बुढ़िया के बेटे ने सोचा कि क्यो न मुर्गी का पेट फाड़कर सारे अंडे निकाल लिए जाएँ। उसने मुर्गी का पेट फाड़ दिया। परंतु उसे कुछ भी नहीं मिला। इस प्रकार अपने लालच के कारण वह मुर्गी से हाथ धो बैठा।

**दयालु परी**

एक बार एक गाँव में भयंकर तूफान आया। सब लोग जान बचाकर भागने लगे। लेकिन अनाथ मुन्नी तूफान में फँस गई। किसी ने उसकी पराह नहीं की। मुन्नी ने रोते हुए ईश्वर से सहायता माँगी। तभी अचानक एक हवा में से सुंदर परी निकली और मुन्नी को उठाकर सुरक्षित स्थान पर ले आई। मुन्नी ने परी को धन्यवाद दिया परंतु वह अब भी उदास थी क्योंकि वह अब बिल्कुल अकेली हो गई थी। दयालु परी को उस पर दया आ गई और वह उसे अपने साथ परीलोक ले गई।

**रचनात्मक और नवीनता**

- **कोई अच्छी-सी कहानी कक्षा में सबको खड़े होकर सुनाइए।**
  स्वयं कीजिए।

## 13. अपठित गद्यांश

- **अनुच्छेद को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर लिखिए–**
  **रितेश एक ............................................ बहुत प्यार हैं।**

1. **रितेश सुबह उठकर सबस पहले क्या करता है?**
   वह सुबह उठकर प्रार्थना करता है।
2. **रितेश के कोई दो गुण लिखिए।**
   वह बड़ों का आदर करता है और दूसरों की मदद करता है।
3. **लिंग बदलिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| लड़का | लड़की | बालक | बालिका |

4. **विपरीत शब्द लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुबह | शाम | लड़ाई | शांति |
| अच्छा | बुरा | बड़ा | छोटा |

5. **एक वस्तु का तथा एक व्यक्ति का नाम अनुच्छेद में से छाँटकर लिखिए–**
   वस्तु का नाम–**पौधा** व्यक्ति का नाम–**रितेश**

## 14. वार्तालाप

2. **खिलौने वाले और विपुल के बीच क्या बातचीत हो रही है, लिखिए–**

खिलौने वाला – खिलौने ले लो, खिलौने। सीटी, बाजा, हाथी, घोड़ा, गुड़िया ले लो।
विपुल – यह घोड़ा कितने का है?
खिलौने वाला – मुन्ना! ये घोड़ा दस रुपये का है।
विपुल – दस रुपये तो बहुत ज्यादा हैं।
खिलौने वाला – तुम अच्छे बच्चे हो इसलिए पाँच रुपये में दे दूँगा।
विपुल – धन्यवाद! काका मैं अभी रुपये लाता हूँ।
खिलौने वाला – ठीक है मुन्ना।

# व्याकरण-3

**खंड 'क' : व्याकरण**

## 1. भाषा और व्याकरण

**अभ्यास**

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (ब) दो　　(ख) (अ) हिंदी

(ग) (ब) 14 सितंबर को　　(घ) (ब) देवनागरी

**2. भाषाओं के सामने लिखिए कि वे किस राज्य में बोली जाती हैं–**

| | |
|---|---|
| मलयालम | केरल |
| कन्नड़ | कर्नाटक |
| तेलुगू | आंध्र-प्रदेश, तेलंगाना |
| मराठी | महाराष्ट्र |
| गुजराती | गुजरात |
| पंजाबी | पंजाब |

**3. रिक्त स्थान में उचित शब्द भरिए–**

(क) हिंदी एक **वैज्ञानिक** भाषा है।

(ख) हिंदी को राष्ट्रभाषा सन् **1949** में घोषित किया गया।

(ग) अंग्रेजी भाषा की लिपि **रोमन** है।

(घ) व्याकरण में हम **भाषा** संबंधी नियम सीखते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. व्याकरण के नियमों का महत्व जानिए, जरा-सी जगह बदलने से शब्द का अर्थ क्या से क्या हो जाता है–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चार | (एक संख्या) | रचा | (निर्मित होना) |
| हवा | (वायु) | वाह | (तारीफ करना) |
| दाल | (दलहन) | लदा | (लदा हुआ) |
| मार | (मारना) | राम | (ईश्वर, एक नाम) |

**2. वाक्य के आगे लिखिए कि वह मौखिक भाषा का रूप है या लिखित का–**

| | |
|---|---|
| कविता सुनाना | (मौखिक) |
| उत्तर लिखना | (लिखित) |
| पत्र पढ़ना | (लिखित) |
| टी॰वी॰ या समाचार सुनना | (मौखिक) |
| निबंध लिखना | (लिखित) |

**3. 'हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है।' इसे बड़े-बड़े शब्दों में दोहरे अक्षरों में लिखिए–**

स्वयं कीजिए।

# 2. वर्ण और वर्णमाला

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. कथनों के सामने ✓ या ✗ लगाइए–**

(क) (✓) (ख) (✗) (ग) (✗) (घ) (✗)

**2. प्रश्नोत्तर–**

(क) वह छोटी से छोटी ध्वनि, जिसके और अधिक टुकड़े नहीं किए जा सकते, वर्ण कहलाती है। वर्ण ही अक्षर है।

(ख) वर्ण दो प्रकार के होते हैं–स्वर और व्यंजन।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. दिए गए अधूरे शब्दों पर जहाँ जो चिह्न आवश्यक है, उसे लगाइए और उस चिह्न का नाम भी लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) डाक्टर | = | ऑ आगत ध्वनि | (ख) पट्‌टी | = | ( ्) हलंत |
| (ग) अंत | = | अं अनुस्वार | (घ) दाँत | = | आँ अनुनासिक |
| (ङ) पंख | = | अं अनस्वार | (च) क्रमशः | = | (ः) विसर्ग |

**2. ये व्यंजन किस मेल से बने हैं, इनके सामने लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्ष | – | क् + ष | त्र | – | त् + र |
| ज्ञ | – | ज् + ञ | श्र | – | श् + र |

**3. गोले में से छाँटकर अलग-अलग लिखिए–**

अनुस्वार लगे शब्द–सिंदूर शंख मंजन मंच तरंग रंग

अनुनासिक युक्त शब्द–काँच दाँत आँचल आँवला पाँव काँटा हँसमुख

# 3. शब्द और वाक्य

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. क्रम ठीक करके वाक्य लिखिए–**

(क) वर्षा हो रही थी।

(ख) मीना नाराज हो गई थी।

(ग) मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है।

(घ) झूठ बोलना अच्छी बात नहीं है।

**2. निरर्थक शब्दों से (बिना अर्थ वाले) सार्थक शब्द (अर्थवाले शब्द) बनाइए–**

| | |
|---|---|
| ईठामि | **मिठाई** |
| रनाअ | **अनार** |
| लाके | **केला** |
| मीमोस | **मोसमी** |
| लवचा | **चावल** |
| यचा | **चाय** |

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।

(ख) शब्दों के सार्थक मेल को वाक्य कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. सार्थक शब्दों पर ✓ का निशान लगाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नीबू | ✓ | शर्बत | ✓ |
| बजनू | | तरकश | ✓ |
| बैंगन | ✓ | सरठा | |
| मूली | ✓ | मठरी | ✓ |
| जबर्जा | | कुर्ता | ✓ |

**2. मिलते-जुलते निरर्थक शब्द जोड़िए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चाय | **वाय** | रोटी | **वोटी** |
| दाल | **वाल** | पानी | **वानी** |
| चम्मच | **वम्मच** | चित्र | **वित्र** |
| पहाड़ | **वहाड़** | दुकान | **वुकान** |

**3. शब्द लड़ी बनाइए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मेज | जल | लड़की | कुर्ता | तरबूज |
| फल | लस्सी | सीटी | टमाटर | रात |

## 4. संज्ञा

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. संज्ञा शब्दों पर गोला खींचिए–**

हम, तुम, (पुस्तक), (गेंद), (मिठाई), (सुंदरता), वह, (मेज), (वहाँ), (यहाँ), (पेन), (लालकिला)।

**2. संज्ञा शब्दों के सामने उसके भेद लिखिए–**

| | |
|---|---|
| बालक – जातिवाचक संज्ञा | मछली – जातिवाचक संज्ञा |
| दिल्ली – व्यक्तिवाचक संज्ञा | मिठाई – जातिवाचक संज्ञा |
| सुंदरता – भाववाचक संज्ञा | गाय – जातिवाचक संज्ञा |

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) जिस संज्ञा शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का पता चलता है, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

(ख) जिन शब्दों से किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण-दोष, स्थिति या भाव आदि का पता चलता है, वे शब्द 'भाववाचक संज्ञा' कहलाते हैं; जैसे–सुंदरता, बचपन, निर्बलता, कठोरता, मिठास, ईमानदारी आदि।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. उचित शीर्षक के नीचे लिखिए–**

| **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **भाववाचक संज्ञा** |
|---|---|
| मीना | मित्रता |
| रेशमा | बेईमानी |

अतुल | ईमानदारी
मदर टेरेसा | बचपन
| बुढ़ापा

2. **चित्रों के नीचे उनके नाम (संज्ञा) व उनके संज्ञा भेद लिखिए–**




नाम – महात्मा गांधी
संज्ञा भेद – व्यक्तिवाचक संज्ञा



नाम – बकरी
संज्ञा भेद – जातिवाचक संज्ञा



नाम – रानी लक्ष्मीबाई
संज्ञा भेद – व्यक्तिवाचक संज्ञा



नाम – सुबह
संज्ञा भेद – भाववाचक संज्ञा

## 5. लिंग

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **शब्दों के आगे लिंग भेद लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पर्वत | **पुल्लिंग** | नदी | **स्त्रीलिंग** |
| नदी | **स्त्रीलिंग** | गाँव | **पुल्लिंग** |
| सेविका | **स्त्रीलिंग** | राजा | **पुल्लिंग** |

2. **लिंग बदलकर वाक्यों को फिर से लिखिए–**

(क) रानी डर गई। (ख) कटोरी गिर गई।
(ग) यह थाली गंदी है। (घ) नदी बह रही थी।

3. **पुल्लिंग लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| देवी | **देवता** | रानी | **राजा** |
| नौकरानी | **नौकर** | दादी | **दादा** |
| चाची | **चाचा** | मालिन | **माली** |

**रचनात्मक और नवीनता**

**शब्दों को समझकर सही घड़े में डालिए–**

स्त्रीलिंग – चुहिया चटाई घोड़ी मूली प्याज गधी पुड़िया मिर्च धूप
पुल्लिंग – जूता मोजे फर्श जाल अखबार कागज नमक

## 6. वचन

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **बहुवचन लिखिए–**

पुस्तक – **पुस्तकें** | कुर्सी – **कुर्सियाँ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पेंसिल | – | **पेंसिलें** | रोटी | – | **रोटियाँ** |
| चिड़िया | – | **चिड़ियाँ** | नदी | – | **नदियाँ** |
| पौधा | – | **पौधे** | माला | – | **मालाएँ** |

**2. दिए गए वाक्यों को बहुवचन में लिखिए–**

(क) तौलिए फट गए हैं।　　(ख) सोफों पर धूल है।

(ग) कमरे काफी बड़े हैं।　　(घ) गाएँ चर रही हैं।

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) जो शब्द संज्ञा की संख्या एक में होने का बोध कराते हैं, एकवचन कहलाते हैं।

(ख) जो शब्द संज्ञा की संख्या का एक से अधिक होने का बोध कराते हैं, बहुवचन कहलाते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. रिक्त स्थान में उचित वचन भरिए–**

(क) मेरे पास अनेक पुस्तकें हैं।　　(ख) उसके चार बेटे हैं।

(ग) मेरी माँ लंबी हैं।　　(घ) भूरी गाय ने कम दूध दिया।

**2. अलग-अलग लिखिए–**

एकवचन – मोमबत्ती मुर्गी चिड़िया बताशा चारपाई झाड़ू सींकें सीढ़ी छलनी

बहुवचन – सुराहियाँ तोते नदियाँ लड़कियाँ

## 7. सर्वनाम

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. दिए गए सर्वनाम शब्दों में से उचित शब्द रिक्त स्थान में भरिए–**

(क) वह पौधे लगा रहा है।

(ख) तुम कब आओगे?

(ग) यह काफी भारी है।

(घ) हमारा विद्यालय पास में ही है।

**2. निम्न सर्वनाम शब्दों का प्रयोग वाक्यों में कीजिए–**

(क) मैं = मैं रोज विद्यालय जाता हूँ।

(ख) वह = वह आज दिल्ली जाएगा।

(ग) तुम = तुम कब आए?

(घ) हम = हम सब अयोध्या जा रहे हैं।

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं; सर्वनाम कहलाते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**संज्ञा व सर्वनाम शब्दों को अलग-अलग लिखिए–**

**संज्ञा** – कुत्ता, पेंसिल, मोती, बंदर, चम्मच, रोटी, चारपाई

**सर्वनाम** – हम, कौन, उसका, वह, उसने, यह

# 8. अशुद्धि शोधन

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **शुद्ध शब्द के आगे ✓ का निशान लगाइए–**

| **(क)** | **(ख)** |
|---|---|
| राश्टरीय | राष्ट्रीय (✓) |
| झंडा (✓) | झनडा |
| मूसीबत | मुसीबत (✓) |
| बिमार | बीमार (✓) |
| लचार | लाचार (✓) |
| ऊधार | उधार (✓) |

2. **वाक्यों को शुद्ध कीजिए–**

(क) मुझे दो दिन की छुट्टी चाहिए।
(ख) हमें कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए।
(ग) सच्चाई कभी छिप नहीं सकती।
(घ) तुम्हें रोज पढ़ाई करनी होगी।

3. **जानिए वर्तनी के यह दोनों रूप शुद्ध हैं–**

स्वयं कीजिए।

# 9. विलोम शब्द

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **विलोम लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मीठा | **खट्टा** | कोमल | **कठोर** |
| मुलायम | **खुरदुरा** | तेज | **धीमा** |
| मालिक | **नौकर** | हँसना | **राना** |
| पास | **दूर** | | |

2. **विलोम शब्दों से मिलाइए–**

| | |
|---|---|
| प्रकाश | बासा |
| वीर | अस्त |
| ताजा | अविश्वास |
| भयभीत | अंधकार |
| उदय | कायर |
| विश्वास | निडर |

3. **रिक्त स्थान में गहरे छपे शब्दों के विलोम लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) हमने पुराना घर बेच दिया और **नया** खरीद लिया।
(ख) चलो नाराज मत होओ, हम **हारे** तुम जीते।
(ग) दौड़ में मोटा लड़का हार गया लेकिन **पतला** लड़का विजयी हुआ।
(घ) सब काम चुस्ती से करो, इसत हर **आलस** दिखाना ठीक नहीं।

### रचनात्मक और नवीनता

**1. विलोम के इन जोड़ों का प्रयोग अपने वाक्यों में कीजिए–**


(क) धनी-निर्धन धनी व्यक्ति निर्धन की क्यों सुनेगा?

(ख) सुख-दुःख संसार में यदि सुख है तो दुःख भी है।

(ग) भला-बुरा तुमने बबीता को कितना भला-बुरा कहा।

(घ) मित्र-शत्रु शत्रु को भी प्रेम से मित्र बनाया जा सकता है।

**2. विपरीत स्थिति को दर्शाने वाले चित्रों को मिलाइए–**



## 10. पर्यायवाची शब्द

### अभ्यास

### विषयनिष्ठ प्रश्न

**1. दो-दो पर्यायवाची लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| माता | – | माँ | अम्बा |
| पर्वत | – | पहाड़ | नग |
| राजा | – | नृप | नरेश |
| उपवन | – | बाग | बगीचा |
| चंद्रमा | – | चाँद | शशि |
| कृष्ण | – | श्याम | गिरधर |

**2. दिए गए पर्यायवाची शब्दों में गलत शब्द पर गोला लगाइए–**


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जल | – | नीर, | पानी, | (अमृत।) |
| गाय | – | गो, | (गान,) | सुरभि। |
| साँप | – | अहि, | भुजंग, | (केतु।) |
| मनुष्य | – | इंसान | (सम्राट,) | नर। |

### रचनात्मक और नवीनता

**1. चित्र देखकर उनके पर्यायवाची लिखिए–**



झंडा, ध्वज, पताका



गुरु, आचार्य, अध्यापक



घर, आवास, सदन



बादल, मेघ, जलधर



साँप, नाग, भुजंग



आग, पावक, अनल

## 11. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए–**

| | |
|---|---|
| जो कभी न मरे | अमर |
| प्रतिदिन होने वाला | दैनिक |
| जिसका आकार न हो | निराकार |
| मूर्तियाँ बनाने वाला | मूर्तिकार |
| जिसके माता-पिता न हों | अनाथ |
| जिसे करना आवश्यक हो | अनिवार्य |

2. **दिए गए एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए–**

| | |
|---|---|
| यथासंभव | जहाँ तक संभव हो। |
| ग्रामीण | गाँव में रहने वाला। |
| गायक | जो गाना गाता है। |
| डरपोक | जो डरता है। |
| पाठशाला | जहाँ पढ़ने जाते हैं। |

**रचनात्मक और नवीनता**

**सही मेल मिलाइए–**

| | |
|---|---|
| जो मिठाई बनाता है | डाकिया |
| जो डाक लाता है | परिश्रमी |
| जो इलाज करता है | मांसाहारी |
| जो परिश्रम करता है | हलवाई |
| जो आज्ञा मानता है | डॉक्टर |
| जो मांस खाता है | आज्ञाकारी |

## 12. मुहावरे

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **अर्थ लिखिए–**

| | |
|---|---|
| रंग बदलना | **चाल बदलना** |
| हाथ साफ करना | **चुराना** |
| ईंद का चाँद होना | **बहुत दिनों बाद दिखाई देना** |
| ठन-ठन गोपाल होना | **धन न होना** |
| माथा ठनकना | **शक होना** |

**2. सुमेल कीजिए–**

| | |
|---|---|
| उल्लू बनाना | भाग जाना |
| चंपत होना | अनपढ़ |
| विष घोलना | थोड़े शब्दों में बहुत कहना |
| काला अक्षर भैंस बराबर | मूर्ख बनाना |
| गागर में सागर | बुराई करना |

**रचनात्मक और नवीनता**

**आगे कुछ मुहावरे और उनके अर्थ दिए जा रहे हैं, उन्हें अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

(क) कान पर जूँ न रेंगना – ध्यान न देना।
विजय को कितना ही पढ़ने को बोला जाए परंतु उसके कान पर जूँ नहीं रेंगती।

(ख) कान पकड़ना – अपनी भूल स्वीकार कर भविष्य में वैसी बात न करने की प्रतिज्ञा करना।
चोर को भीड़ ने सबक सिखाया तो उसने कान पकड़ लिए।

(ग) कान खड़े होना – सावधान होना।
बिल्ली को देखकर मुर्गियों के कान खड़े हो गए।

(घ) आँखों का तारा – अत्यंत प्रिय।
राम अपनी माँ की आँखों का तारा है।

(ङ) खून सूखना – भय से पीला पड़ना।
शेर को सामने आता देखकर जय का खून सूख गया।

(च) गले लगाना – प्रेम करना।
विजय को देखते ही उसके दोस्त ने गले लगा लिया।

(छ) टाँग अड़ाना – फिजूल दखल देना।
तुम कविता और रजनी की लड़ाई में टाँग मत अड़ाओ।

(ज) घी के दीए जलाना – प्रसन्न होना।
बेटे के पुलिस अफसर बनने पर माता-पिता ने घी के दीये जलाए।

(झ) नाक में दम करना – परेशान करना।
बच्चों ने शोर मचाकर नाक में दम कर दिया है।

# 13. पत्र-लेखन

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सर्दी लग जाने के कारण हुए बुखार से आप विद्यालय नहीं जा सके। इसलिए प्रार्थना-पत्र लिखकर दो दिन का अवकाश माँगिए–**

सेवा में,
श्रीमान प्रधानाचार्य जी,
आर्य इंटर कॉलेज,
नैनीताल।
महोदय,
सविनय निवेदन है कि कल बर्फबारी होने के कारण मुझे सर्दी लग गई है और बुखार भी है। डॉक्टर ने दो दिन आराम के लिए कहा है।

कृपया आप मुझे दिनांक– 11.12.20..... से 12.12.20.... तक का अवकाश प्रदान करें।
धन्यवाद।
आपका आज्ञाकारी शिष्य
मुहम्मद साहिल
कक्षा-3 (अ)

**2. पत्र लिखकर अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई दीजिए–**

230/A, हरिनगर
कानपुर।
दिनांक : 30.7.20..........
प्रिय मित्र शनि,
सप्रेम नमस्ते।
जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई मित्र। आशा है तुम जीवन में नित-प्रतिदिन उन्नति के मार्ग पर बढ़ोगे। अंकल-आंटी को मेरा प्रणाम कहना। छुट्टियों में घर आने पर तुमसे अवश्य मिलूँगा। शेष कुशल है।

तुम्हारा मित्र
आशीष

## 14. कहानी-लेखन

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

- **एक छोटी-सी कहानी लिखने का प्रयास कीजिए। भले ही वह राजा-रानी की हो, पशु-पक्षियों की या कोई और।**

**चतुर खरगोश**

किसी वन में एक शेर रहता था। वह बहुत ताकतवर था। जो भी पशु उसके सामने आता था, वह उसे मारकर खा जाता था। इस कारण वन के सभी पशु दुखी थे। एक दिन सब पशु शेर से मिलने गए। सबने शेर को प्रणाम किया। शेर ने गुस्से से पूछा, ''तुम सब यहाँ क्यों आए हो?'' हाथी ने सबकी तरफ से आगे बढ़कर कहा, ''महाराज! हम चाहते हैं कि आप शिकार करने के लिए कष्ट न उठाया करें। हम प्रतिदिन एक पशु आपके भोजन के लिए भेज दिया करेंगे।

शेर ने कुछ सोचा और हाँ कर दी। अब रोज एक पशु शेर के पास उसका भोजन बनने जाने लगा।

एक दिन एक खरगोश की बारी आई। खरगोश चतुर था। उसने पहले से एक योजना बना ली थी। वह जंगल में खेलता-कूदता शेर के पास बहुत देर से पहुँचा। उसे देर से आया देखकर शेर बहुत क्रोधित हुआ।

खरगोश ने हाथ जोड़कर कहा, ''महाराज! इसमें मेरा कोई दोष नहीं है। मुझे तो कुएँ वाले शेर ने रोक लिया था। कहने लगा कि मैं जंगल का राजा हूँ। तम मेरा शिकार हो। मैं बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाकर आया हूँ।''

यह सुनकर शेर क्रोध से गरजने लगा और कहा, ''चलो! मेरे साथ और दिखाओ। मेरे अलावा

जंगल का दूसरा राजा नहीं हो सकता।'' खरगोश शेर के साथ कुएँ पर पहुँचा और बोला, ''महाराज! वह दूसरा शेर इसी कुएँ में रहता है।''

शेर ने कुएँ में झाँका। अपनी परछाई देखकर उसे लगा कि यही दूसरा शेर है। वह जोर-से दहाड़ा। परछाई देखकर फिर उसे लगा कि दूसरा शेर भी दहाड़ रहा है। वह बिना सोचे-समझे दूसरे शेर को मारने के लिए कुएँ में कूद गया और डूबकर मर गया।

इस प्रकार खरगोश ने अपनी चतुराई से सबको शेर से छुटकारा दिला दिया।

**शिक्षा :** बुद्धिमानी हर संकट से बचा लेती है।

# 15. निबंध-लेखन

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**निबंध लिखिए–**

### बचत का महत्व

बचत का हमारे जीवन में अत्यंत महत्व है। चाह बचत धन की हो अथवा समय की; यह बहुत आवश्यक है। जीव-जंतु भी कठिन समय के लिए दाना-दाना बचाते हैं। आपने चींटियों को खाना इकट्ठा करते अवश्य देखा होगा। प्रकृति हमें बचत करने की प्रेरणा देती है। हमें बचपन से ही बचत करने की आदत होनी चाहिए। माता-पिता से अनावश्यक वस्तुओं की जिद नहीं करनी चाहिए और जेब-खर्च से पैसे बचाने चाहिए। आजकल बच्चों के लिए बैंक खाते भी उपलब्ध होते हैं, जहाँ वे बचत के पैसे जमा कर सकते हैं। आप मिट्टी की गुल्लक का भी प्रयोग कर सकते हैं। कई बार अचानक संकट आने पर बचत किए गए रुपये ही काम आते हैं। बचत करने से हम अनावश्यक खर्चों से भी बचते हैं। अतः बचत का हमारे जीवन में अत्यंत महत्व है।

### स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त, 1947 के दिन हमारा देश अंग्रेजों की पराधीनता से मुक्त हुआ था। इसी दिन लालकिले पर इंग्लैंड के झंडे यूनियन जैक को उतारकर भारत का तिरंगा झंडा फहराया गया था। महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, पंडित नेहरू, सरदार पटेल जैसे राष्ट्रवादी नेताओं के कठिन संघर्ष के फलस्वरूप यह आजादी हमें प्राप्त हुई थी। अतः 15 अगस्त का दिन स्वतंत्रता दिवस के नाम से एक राष्ट्रीय त्योहार के रूप में मनाया जाता है।

15 अगस्त के दिन भारत के प्रत्येक नगर में त्योहार का वातावरण होता है। बच्चे, बूढ़े, जवान, नर-नारी.....सभी उत्साह और उमंग में सराबोर होते हैं। प्रभात-फेरियाँ निकाली जाती हैं; राष्ट्रीय गीत गाए जाते हैं तथा स्कूलों, कॉलेजों, दफ्तरों तथा विभिन्न संगठनों में तिरंगा झंडा फहराया जाता है।

सायंकाल के समय विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत गीत-संगीत, नाटक तथा अन्य कार्यक्रम संपन्न किए जाते हैं। भारत-माता की जय-जयकार की जाती है। दिल्ली के लालकिले पर हमारे देश के प्रधानमंत्री तिरंगा झंडा फहराते हैं। प्रत्येक प्रांत की राजधानी में वहाँ के मुख्यमंत्री झंडा फहराते हैं। स्वतंत्रता दिवस एक पावन राष्ट्रीय त्योहार है जिसे हम लोग पूरी श्रद्धा के साथ मनाते हैं।

# 16. अपठित गद्यांश

## गद्यांश-1

- **जल हमारे ...................................................... देना चाहिए।**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) वर्षा और पहाड़ों की चोटियों पर जमी बर्फ से हमें पानी मिलता है।

(ख) जल हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। पीने के अलावा खाना बनाने में, खेतों की सिंचाई में, कल कारखानों में और मशीन चलाने में भी पानी का प्रयोग होता है। पानी के बिना संसार का काम चल ही नहीं सकता।

(ग) कल-कारखानों की गंदगी और शहर का कूड़ा-करकट नदियों में डाला जा रहा है। इससे पानी गंदा हो जाता है और कई रोगों का कारण बनता है। हमें जल को गंदा नहीं करना चाहिए। घरों में पानी बेकार नहीं बहने देना चाहिए।

(घ) जल ही जीवन है।

## गद्यांश–2

- **सम्राट अशोक की ...................................................... प्रेरणा दे रहे हैं।**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) सम्राट अशोक की उदारता और दया की भावना के कारण ही इतिहासकार उनका गुणगान करते नहीं थकते।

(ख) जाति, धर्म और देश की संकीर्णता को समाप्त कर अशोक ने जीव-मात्र के हित को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया।

(ग) सम्राट अशोक के महान आदर्श आज भी भारत में जीवित हैं और यहाँ के निवासियों को आत्मकल्याण और विश्व बंधुत्व की प्रेरणा दे रहे हैं।

(घ) 'अशोक महान'।

## गद्यांश–3

- **कोयले सोचने लगी, ...................................................... साधना सफल हुई।''**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) कोयले सोचने लगी, ''मैं कहाँ जन्मी, पली और बड़ी हुई, मुझे कुछ पता नहीं।

(ख) संगीत के प्रति लगन कोयल को भगवान ने दी।

(ग) साधक प्रचार के लालच में नहीं पड़ता। उसे सांसारिक इच्छाएँ नहीं होती।

(घ) 'साधना'।

# व्याकरण-4

## 1. भाषा और व्याकरण

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **सही कथन के सामने ✓ तथा गलत के सामने ✗ लगाइए–**

   (क) (✗)  (ख) (✓)  (ग) (✗)  (घ) (✓)

2. **रिक्त स्थान में उचित शब्द लिखिए–**

   (क) हमारी राष्ट्रभाषा **हिंदी** है।

   (ख) अंग्रेजी की लिपि **रोमन** हैं।

   (ग) भाषा के **दो** रूप होते हैं।

   (घ) भाषा को शुद्ध रूप से पढ़ना-लिखना सिखाने वाले शास्त्र को **व्याकरण** कहते हैं।

3. **प्रश्नोत्तर–**

   (क) भाषा वह साधन है जिसके द्‌वारा बोलकर या लिखकर हम अपनी बात दूसरों को समझाते हैं और उनकी बात स्वयं समझते हैं।

   (ख) जब भी हम कुछ बोलते हैं तो हमारे मुख से अनेक ध्वनियाँ निकलती हैं। इन ध्वनि संकेतों को लिखने के लिए कुछ विशेष चिह्नों का प्रयोग किया जाता है। ये चिह्न ही लिपि कहलाते हैं। जिन चिह्नों द्‌वारा भाषा को लिखित रूप दिया जाता है, उसे लिपि कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**खाली गोलों में उचित शब्द लिखिए–**

**भाषा के रूप**

मौखिक भाषा    लिखित भाषा

**भाषा के अंग**

वर्ण    शब्द    वाक्य

## 2. वर्ण-विचार

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **सही विकल्प पर ✓ का निशान लगाइए–**

   (क) (अ) वर्ण है    (ख) (ब) अक्षर है

   (ग) (ब) वर्ण    (घ) (ब) नहीं हो सकते

2. **स्वर और व्यंजनों को अलग-अलग कीजिए–**

| **स्वर** | **व्यंजन** |
|---|---|
| अ, आ, औ, ओ, इ, ई | क, ख, ग, प, फ, ट, न, द, श, र, व |

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) अं, अँ तथा अः अयोगवाह कहे जाते हैं।

(ख) लिखते समय जब स्वरों को व्यंजनों के साथ मिलाया जाता है तो उनका रूप बदल जाता हैं। उनका यही बदला हुआ रूप मात्रा कहलाता है।

**रचनात्मक और नवीनता**

**दिए गए वर्णों से बने कुछ शब्द लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्ष | क्षमा | क्षय | अक्षय |
| त्र | त्रेता | त्रिभुज | चित्र |
| ऑ | डॉक्टर | कॉलेज | बॉल |
| रू | रूप | रूठना | डमरू |
| रु | रुपया | रुकना | रुमाल |
| ज्ञ | ज्ञान | अज्ञान | यज्ञ |
| अं | अंगूर | अंक | अंगारा |

## 3. शब्द

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सही विकल्प पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (अ) एक अर्थ (ख) (ब) सार्थक

(ग) (ब) वर्णों से (घ) (ब) दो प्रकार के

**2. प्रश्नोत्तर–**

(क) वर्णों का वह सार्थक मेल जिसका एक निश्चित अर्थ हो, शब्द कहलाता है।

(ख) वोटी, वाय, वाना, वानी, तहाँ, समल आदि।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. वर्णों का क्रम ठीक करके सार्थक शब्द बनाइए–**

| | |
|---|---|
| स्तपुक | पुस्तक |
| पष्पु | पुष्प |
| मनसु | सुमन |
| थीहा | हाथी |
| लीथा | थाली |

**2. शब्द लड़ी बनाइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मेज | जल | लड्डू | डमरू | रूप | पतंग |
| कछुआ | आलू | लाल | लीची | चील | |
| नमक | कमीज | जहाज | जीना | नाम | |

# 4. वाक्य

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए–**

(क) वर्णों के सार्थक मेल से **शब्द** बनते हैं।

(ख) वाक्य में प्रयोग किए जाने पर शब्द **पद** कहलाते हैं।

(ग) उद्देश्य और **विधेय** वाक्य के दो भाग होते हैं।

(घ) जिसके विषय में बात की जाए, उसे **उद्देश्य** कहते हैं।

**2. वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए–**

(क) मैं विद्यालय जाता हूँ।

(ख) वह कल छतरी लाने गया।

(ग) मुझे भोजन पकाना नहीं आता।

(घ) ध्यान लगाकर ठीक तरह से पढ़ो।

**3. प्रश्नोत्तर–**

(क) आदेश देने के लिए कहे वाक्य आज्ञावाचक वाक्य कहलाते हैं।

(ख) आश्चर्य, हर्ष, घृणा आदि भावों को प्रकट करन वाले वाक्य विस्मयादिबोधक वाक्य कहलाते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**वाक्यों के आगे उसका प्रकार लिखिए कि वह कैसा वाक्य है?**

(क) आपको कौन सी गेंद चाहिए? प्रश्नवाचक वाक्य

(ख) तुम शीघ्र घर जाओ। आज्ञावाचक वाक्य

(ग) हे, भगवान! इतनी भयंकर आँधी। विस्मयादिबोधक वाक्य

(घ) मैं नहीं खाऊँगा। नकारात्मक वाक्य

# 5. संज्ञा

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. रंगीन छपे शब्दों का संज्ञा भेद लिखिए–**

| | |
|---|---|
| (क) नमिता सितार बजा रही है। | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| (ख) होली के त्योहार पर सब एक-दूसरे पर रंग डालते हैं। | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| (ग) बुढ़ापे में प्रायः रोग घेर लेते हैं। | भाववाचक संज्ञा |
| (घ) तुमसे मिलकर हार्दिक प्रसन्नता हुई। | भाववाचक संज्ञा |
| (ङ) बालकों ने बड़ा शोर मचाया। | भाववाचक संज्ञा |

**2. उचित संज्ञा शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) अधिक से अधिक **परिश्रम** करो ताकि तुम्हें सफलता मिले।

(ख) **ईद** के दिन नमाज पढ़कर लोग गले मिलते हैं।

(ग) गंगा नदी **भारत** में है।

(घ) दिल्ली का **लाल** किला लाल ईंटों से बना है।

3. **स्पष्ट कीजिए–**

(क) जो शब्द किसी भाव, दशा, अवस्था या गुण-दोष आदि का बोध कराते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

(ख) किसी विशेष व्यक्ति, प्राणी, वस्तु या स्थान के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**संज्ञा शब्दों के मोती चुनकर माला में पिरोइए–**

लक्ष्मीबाई – मेज – कलम – हिरन – पीपल – अदरक – आम – पेड़

## 6. लिंग

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **लिंग बदलकर लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रिया | **प्रिय** | ठाकुर | **ठकुराइन** |
| याचक | **याचिका** | जाटनी | **जाट** |
| बहनोई | **बहन** | सास | **ससुर** |
| मालिन | **माली** | सुनार | **सुनारिन** |

2. **पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों को अलग-अलग लिखिए–**

| **पुल्लिंग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| कागज | नाव |
| चूहा | पकौड़ी |
| मोती | नदी |
| माली | पेंसिल |
| | चटनी |

3. **स्त्रीलिंग लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर | वधू | पुत्र | पुत्री |
| नर | नारी | शिष्य | शिष्या |
| चोर | चोरनी | घोड़ा | घोड़ी |
| डिब्बा | डिब्बी | लोहार | लुहारिन |

4. **सही शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) चारपाई गिर **गई**।
(ख) बादल छा **गए**।
(ग) बरसात होने **लगी**।
(घ) लू चल **पड़ी**।

**रचनात्मक और नवीनता**

**स्त्रीलिंग पहचानकर उन शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मेज, | घास, | हवा, | कटोरा |
| पलंग, | कलम, | दवात, | शीशा |
| हार, | माला, | सरदी | बसंत |

# 7. वचन

## अभ्यास

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. **सही स्थान पर लिखिए–**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| छुरी, जूता | झंडे |
| मेज, चटनी | पतंगे |
| टोकरी, समोसा | चूड़ियाँ |
| साड़ी, मेजें | चम्मचें |
| चूहा | थालियाँ |
| मोमबत्ती | साड़ियाँ |
| इस्तरी | |
| कंचा | |

2. **वचन बदलकर लिखिए–**
   (क) उसकी साड़ियाँ नई थीं।
   (ख) उसने मिठाई खाई।
   (ग) कुर्सियाँ बाहर रख दो।
   (घ) कलशों में जल भर लाओ।
3. **स्पष्ट कीजिए–**
   **(क) एकवचन–**शब्द के जिस रूप से उसके एक होने का पता चलता है, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे–कुर्सी, चूड़ी, खिड़की आदि।
   **(ख) बहुवचन–**शब्द के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे–कुर्सियाँ, चूड़ियाँ, खिड़कियाँ आदि।

### रचनात्मक और नवीनता

- **आगे कुछ शब्द दिए जा रहे हैं, उनका सही रूप (वचन) वाक्य के अनुसार लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**
  (यदि उचित लगे तो शब्द बिना परिवर्तन के भी प्रयोग करें)
  (क) दीवाली पर लोग **नए कपड़े** खरीदते हैं।
  (ख) **युवती** की कलाइयों में **कंगन** सजे थे।
  (ग) लकड़ियों के लिये **जंगल** का सफाया किया जा रहा है।
  (घ) अंगूर के **गुच्छों** को पेटियों में भर लो।

# 8. सर्वनाम

## अभ्यास

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. **सर्वनाम शब्दों क नीचे रेखा खींचिए–**
   (क) **तुम** कब आए?  (ख) **वह** तेजी से चिल्लाया।

(ग) **आप** यहाँ बैठिए।

(घ) दीपांशु ने **अपनी** माँ की बहुत सेवा की।

2. **उचित सर्वनाम शब्द भरकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) रमेश सो गया, **वह** बहुत थका था।

(ख) **वे** अपना सामान **स्वयं** उठाएँगे।

(ग) रीता ने **स्वयं** चाय बनाई और मेहमानों को पिलाई।

(घ) उसे याद दिलाना कि **वह** घड़ी लाना न भूले।

3. **स्पष्ट कीजिए–**

(क) किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध कराने वाले सर्वनाम, निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

(ख) प्रश्न पूछने के लिए जिन सर्वनामों का प्रयोग किया जाता है, वे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

- **संज्ञा व सर्वनाम शब्दों को अलग-अलग लिखिए–**

| **संज्ञा** | **सर्वनाम** |
|---|---|
| गुल्लक, पंतग | मैं, वे |
| पत्ता, घड़ा | हम |
| गोभी, सेब | वह |
| गेंद | तुम |
| हवा | आप |
| कलश | स्वयं |
| वृक्ष | उस |
| कुम्हार | तू |

# 9. विशेषण

**अभ्यास**

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **शब्दों के साथ उचित विशेषण को मिलाइए–**

| **(क)** | **(ख)** |
|---|---|
| तिरंगा | युवती |
| आकर्षक | संगीत |
| घना | सूचना |
| मधुर | जंगल |
| शुभ | झंडा |

2. **विशेषणों के सामने उचित संज्ञा शब्द लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| महान | **आचार्य** | कटु | **वचन** |
| जंगली | **जीव** | ऊँचा | **पहाड़** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनेक | **व्यक्ति** | दिव्य | **पुरुष** |
| तेज | **धूप** | सुंदर | **नारी** |
| धीमा | **कछुआ** | क्रूर | **राजा** |

3. **स्पष्ट कीजिए–**

(क) गुणवाचक विशेषण–जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, रंग-रूप, आकार-अवस्था आदि का पता चलता है, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

(ख) परिमाणवाचक विशेषण–जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की माप-तौल का पता चलता है, उन्हें परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**अपनी कक्षा की किन्हीं पाँच वस्तुओं के नाम और उनकी विशेषता के बारे में लिखिए; जैसे–**

स्वयं कीजिए।

# 10. क्रिया

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **दिए गए वाक्यों में से क्रियाएँ छाँटकर खाली स्थान में लिखिए–**

| | |
|---|---|
| (क) वह बड़ा शरारती है। | **शरारत** |
| (ख) बच्चा रो रहा है। | **रोना** |
| (ग) मजदूर मकान बना रहा है। | **बनाना** |
| (घ) मैंने पुस्तक पढ़ी थी। | **पढ़ना** |

2. **वाक्यों में उचित क्रिया शब्द भरिए–**

(क) नेहरू जी देश के प्रधानमंत्री थे।

(ख) राजा न हुक्म दिया।

(ग) शाहजहाँ ने ताजमहल बनवाया।

(घ) मैंने कंगन में हीरे जड़वाए।

3. **स्पष्ट कीजिए–**

जिस शब्द से किसी काम का करना या होना प्रकट हो, उसे क्रिया कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **क्रिया का उचित रूप भरकर वाक्यों को पूरा कीजिए–**

(क) माँ ने बच्चों को रोटी खिलाई।

(ख) चोर समान चुराकर भागा।

(ग) चिड़िया आसमान में उड़ गई।

(घ) मंदिर में सबको प्रसाद बाँटा गया।

2. **चित्र देखकर क्रिया शब्द लिखिए–**



**नहाना**


**रोना**


**खाना**



तैरना



चढ़ना



सूँघना

# 11. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **रंगीन छपे शब्द समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखिए–**
   (क) शर्मिला कामचोर है।
   (ख) नीलेश परिश्रमी है।
   (ग) शशि के भाई मूर्तिकार हैं।
   (घ) यह काम सुगम है।

2. **शब्द समूहों को उनके लिए आने वाले उचित शब्द से मिलाइए–**

| **(क)** | **(ख)** |
|---|---|
| कविता लिखने वाला | जलचर |
| जल में रहने वाला | कवि |
| नीचे लिखा हुआ | सहपाठी |
| साथ पढ़ने वाला | निम्नलिखित |

3. **स्पष्ट कीजिए–**
   ऐसे शब्द जो अनेक शब्दों के बदले प्रयोग किए जा सकते हैं, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द नाम से जाने जाते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**दिए गए शब्दों के लिए शब्द समूह लिखिए–**

| | |
|---|---|
| कारावस | जहाँ बंदियों को रखा जाता है। |
| भाग्यवान | जो भाग्यशाली हो। |
| दुकानदार | जो दुकान चलाता है। |
| परोपकारी | दूसरों पर उपकार करने वाला। |
| गायक | गाना गाने वाला। |
| डरपोक | जो डरता है। |

# 12. पर्यायवाची शब्द

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **समानार्थक शब्दों को आपस में मिलाए–**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| प्रेम | सुत |
| प्रातः | सलिला |
| आकाश | अंबर |
| पुत्र | प्रीति |
| नदी | सुबह |

2. **तीन-तीन पर्यायवाची लिखिए–**


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **पानी** | – | जल | नीर | वारि |
| **नारी** | – | औरत | स्त्री | अबला |
| **वृक्ष** | – | पेड़ | विटप | पादप |
| **ईश्वर** | – | भगवान | हरि | ब्रह्मा |
| **सिंह** | – | शेर | वनराज | केसरी |

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **आगे कुछ नए पर्यायवाची शब्दों के समूह दिए गए हैं। उनमें प्रत्येक पंक्ति में एक शब्द पर्यायवाची नहीं हैं, अनुमान से उसके सामने (✓) लगाइए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| इच्छा | – | चाह | लालसा | युक्ति (✗) |
| कृष्ण | – | कान्हा | शेखर (✗) | नटवर |
| कठिन | – | आसान (✗) | मुश्किल | दुष्कर |
| शक्ति | – | बल | ताकत | घमंड (✗) |
| वर्षा | – | मेह | उमस (✗) | बरसात |

2. **चित्र देखकर उसके नीचे उसके पर्यायवाची शब्द लिखिए–**


सूर्य, सूरज, भानू


नदी, तटिनी, सलिला


पक्षी, खग, विहग


ब्राह्मण, द्विज, विप्र


बादल, मेघ, घन


चाँद, चंद्रमा, शशि

# 13. विलोम शब्द

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **दिए गए शब्दों के विलोम लिखिए–**

उत्तर × **प्रश्न** सुर × **असुर**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आशा | × | **निराशा** | अंधकार | × | **प्रकाश** |
| कठिन | × | **सरल** | अमृत | × | **विष** |
| शांति | × | **अशांति** | पतझड़ | × | **वसंत** |

2. **रंगीन छपे शब्द के विलोम शब्द खाली स्थान में लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

   (क) साहसी को विजय मिलती है और **कायर** को पराजय।

   (ख) सुख में तो सभी मित्र बन जाते हैं, पर जो **दुःख** में काम आए वही सच्चा मित्र है।

   (ग) युद्ध से विनाश होता है और **शांति** से विकास।

**रचनात्मक और नवीनता**

**विलोम शब्द से मिलाइए–**

| **(क)** | **(ख)** |
|---|---|
| फूल | पराया |
| अपना | अस्थिर |
| धनी | निराशा |
| स्थिर | निर्धन |
| उमंग | काँटा |

# 14. मुहावरे

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **सही अर्थ से मेल कीजिए–**

| **(क)** | **(ख)** |
|---|---|
| हाथ मलना | भाग जाना |
| रफूचक्कर होना | बहुत बोलना |
| कान खा जाना | नींद आना |
| आँखें लगना | पछताना |
| फूला न समाना | मूर्ख |
| अक्ल का दुश्मन | बहुत खुश होना |

2. **अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

   (क) हाथ खाली होना–आय का कोई साधन न होने से विजय के हाथ खाली रहते हैं।

   (ख) जी चुराना–काम से जी चुराने वाले व्यक्ति कभी सफल नहीं होते।

   (ग) चकमा देना–पुलिस को चकमा देकर उपद्रवी भाग खड़े हुए।

   (घ) आँखें फेर लेना–गलत संगत में रहने वाले पुत्र से पिता ने आँखें फेर लीं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**चित्र के स्थान पर उसके नाम का शब्द लिखकर मुहावरा लिखिए–**

(क) आँखें फेर लेना।　　(ख) ईंट से ईंट बजाना।

(ग) ऊँट के मुँह में जीरा।　　(घ) भैंस के आगे बीन बजाना।

# खंड– 'ख' : रचना

## 15. कहानी-लेखन

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

- **इस कहानी से आपने क्या शिक्षा ली? दी गई शिक्षाओं में से सबसे सही शिक्षा के सामने सही का चिह्न लगाइए–**

  (क) (✗) (ख) (✓) (ग) (✗) (घ) (✗) (ङ) (✗)

**रचनात्मक और नवीनता**

**कोई छोटी-सी कहानी यहाँ लिखिए–**

**चिड़िया की समझदारी**

- जंगल में एक बरगद के पेड़ पर एक चिड़िया अपने तीन बच्चों के साथ रहती थी। उसके बच्चे अभी छोटे थे और उड़ना भी सीख नहीं पाए थे।

  एक दिन एक शिकारी उस जंगल में आया। उसने पेड़ पर चिड़िया के बच्चों को देखा तो उन्हें उठाने के लिए पेड़ पर चढ़ने लगा। चिड़िया ने शिकारी से कहा कि उसके बच्चे अभी छोटे हैं, इसलिए वह उन्हें छोड़ दे। शिकारी ने चिड़िया की बात पर ध्यान नहीं दिया और चिड़िया के बच्चों को उठा लिया। बच्चों को अलग होता देखकर चिड़िया रोने लगी। उसने शिकारी से कहा, ''तुम मेरे बच्चों को छोड़ दोगे तो मैं तुम्हें एक खजाने का पता बताऊँगी।'' शिकारी चिड़िया की यह बात सुनकर खुश हो गया और उसने चिड़िया के बच्चों को वापस घोंसले में रख दिया। चिड़िया ने कहा, ''कुछ समय पहले एक चोर ने अपना चुराया हुआ धन इस पेड़ की खोह में रखा था। तुम उसे निकाल लो। उस धन से तुम अमीर हो जाओगे।'' शिकारी बड़ा प्रसन्न हुआ। उसने तुरंत पेड़ की खोह में हाथ डाला। उस खोह में एक बड़ा साँप रहता था। साँप ने शिकारी को डस लिया, जिससे शिकारी मर गया। इस तरह चिड़िया ने अपनी समझदारी से अपने बच्चों को बचा लिया।

  **शिक्षा :** मुसीबत में हमें समझदारी से काम लेना चाहिए।

## 16. निबंध-लेखन

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

- **इसी प्रकार निबंध लिखिए–**

  **हमारे अध्यापक**

  मेरे प्रिय अध्यापक का नाम श्री रमेश वर्मा है। वे बहुत ही अनुशासनप्रिय व्यक्ति हैं। वे ठीक समय पर विद्यालय आते हैं। सुबह प्रार्थना के समय वे हमारे साथ खड़े होते हैं। प्रार्थना के बाद जब हम कक्षा में जाते हैं, तब हमें उनके आने की प्रतीक्षा रहती हैं। वे सभी बच्चों को बहुत प्यार करते हैं। उनका पढ़ाने का ढंग भी बहुत अच्छा है। सभी बच्चे उनका कहना मानते हैं, क्योंकि वे सभी बच्चों को बड़े ही प्यार से समझाते हैं। वे हमें हिंदी विषय पढ़ाते हैं। उनके द्वारा पढ़ाया गया पाठ सभी बच्चों को अच्छी तरह से समझ आ जाता है। वे एक अच्छे गायक भी हैं। इसलिए वे हमें गाना भी सिखाते हैं।

कभी-कभी तो वे हमें खेल भी सिखाते हैं। वे हमारा बहुत ध्यान रखते हैं। वे बच्चों को कभी भी नहीं डाँटते, इसलिए सभी बच्चे उनका बहुत आदर करते हैं।

मेरे प्रिय अध्यापक हिंदी विषय की अच्छी जानकारी तो देते ही हैं, साथ-ही-साथ वे हमें समय-समय पर सद्प्रेरणा भी देते रहते हैं। मुझे जब भी कोई समस्या होती है या किसी मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, तो मैं उन्हीं के पास जाता हूँ और वे मेरा उचित मार्गदर्शन करते हैं। इसलिए वे मेरे प्रिय अध्यापक हैं।

**क्रिसमस का त्योहार**

महान् संत ईसा मसीह का जन्मदिन सारे संसार में क्रिसमस के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को मनाया जाता है। क्रिसमस का त्योहार 'बड़ा दिन' भी कहलाता है। ईसा मसीह एक महापुरुष थे। उनका जन्मदिन वास्तव में बड़ा दिन है।

बाइबिल में ईसा मसीह के जन्म की कथा विस्तार से बताई गई है। कथा के अनुसार फिलिस्तीन के नाजरथ शहर में रहने वाले जोजफ का विवाह मरियम से हुआ था। मरियम को सपने में देवदूत ने दर्शन दिए और बताया कि ईश्वर की कृपा से आप एक दिव्य शिशु को जन्म देंगी। आप उसका नाम 'ईसा' रखना

कुछ समय बाद मरियम गर्भवती हुई। जोजफ और मरियम जनगणना में अपना नाम लिखवाने 'बेथलहम' नगर को गए थे। वहाँ से लौटते समय, रात को पशुओं के बाड़े में मरियम ने एक दिव्य शिशु को जन्म दिया। बालक का नाम जीसस (ईसा) रखा गया।

ईसा मसीह बचपन से ही विचारशील थे। वे चिंतन-मनन में लगे रहते थे। वे दीन-दुःखियों की सहायता करते थे। जब वे बड़े हुए तो उनकी प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैल गई। इससे घबराकर राजा ने उन्हें जेल में डलवा दिया। ईसा को क्रूस का दंड दिया गया। उनके हाथों और पैरों में कीलें ठोंककर उन्हें क्रॉस पर लटका दिया गया। शुक्रवार के दिन ईसा ने प्राण त्याग दिए। लेकिन तीसरे दिन अर्थात् रविवार को वे फिर जीवित हो उठे। इस दिन की याद में 'ईस्टर' मनाया जाता है।

क्रिसमस का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर संसार भर में गिरजाघर सजाए जाते हैं। अर्धरात्रि को गिरजाघरों की घंटियाँ बज उठती हैं। लोग प्रार्थना करते हैं।

क्रिसमस का केक काटकर लोगों में बाँटा जाता है। लोग एक-दूसरे को बधाई-पत्र और विशेष प्रकार की मिठाइयाँ भेंट करते हैं। क्रिसमस का पर्व 25 दिसंबर से आरंभ होकर नववर्ष तक चलता है। यह पर्व दया, प्रेम, क्षमा, धैर्य और त्याग का प्रतीक है।

# 17. संवाद-लेखन

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

- **कल्पना से इनके संवाद भी लिखिए–**

**सब्जीवाले और पिताजी के संवाद**

**सब्जीवाला** : सब्जी ले लो! ताजी, हरी सब्जी!

**पिताजी** : भैया ये पालक कैसा दिया है?

**सब्जीवाला** : बाबू जी पचास रुपये किलो।

| | | |
|---|---|---|
| **पिताजी** | : | ये तो बहुत महँगा है। सही दाम लगाइए। |
| **सब्जीवाला** | : | बाबूजी इससे कम नहीं होगा। |
| **पिताजी** | : | पचास नहीं तीस रुपये किलो दीजिए। |
| **सब्जीवाला** | : | नहीं बाबू जी इतना कम तो बिल्कुल नहीं होगा। |
| **पिताजी** | : | अच्छा चालीस रुपये! इससे ज्यादा नहीं। |
| **सब्जीवाला** | : | ठीक है बाबू जी! अभी तौल देता हूँ। |
| **पिताजी** | : | ठीक है भैया तौलिए। |

**अध्यापक और छात्र के संवाद**

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यापक** | : | अमित क्या बात है? तुम्हारा मन आजकल पढ़ाई में नहीं है। |
| **छात्र** | : | क्षमा कीजिए सर! मैं कई दिन से बीमार था। |
| **अध्यापक** | : | ओह! क्या हुआ तुम्हें? |
| **छात्र** | : | सर, मुझे चेचक हो गया था। |
| **अध्यापक** | : | ओह! अब कैसी तबियत है तुम्हारी? |
| **छात्र** | : | जी! अब काफी बेहतर है। |
| **अध्यापक** | : | ठीक है! अपना ध्यान रखो। |
| **छात्र** | : | जी सर! मैं रखूँगा। |
| **अध्यापक** | : | तुम्हें पढ़ाई में कोई भी समस्या हो तो मुझे कहना। |
| **छात्र** | : | धन्यवाद सर। |

## 18. अनुच्छेद-लेखन

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **दिए गए विषयों पर अनुच्छेद लिखिए–**

**(क) जल एक अमृत**

जल हमारे जीवन को सुचारू रूप से चलाने और हमारा अस्तित्व बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। जल के द्वारा ही हमारी शारीरिक गतिविधियाँ संपन्न होती हैं। जल के द्वारा ही हम खाना पकाते हैं। खेतो में सिंचाई करते हैं। नहाते हैं। कपड़े धोते हैं। अपने पशुओं की प्यास बुझाते हैं । जल के बिना मनुष्य और जीव-जंतु कुछ दिन ही जीवित रह सकते हैं। जल के इतने लाभ होते हुए भी मनुष्य उसे दूषित और नष्ट करने में लगा हुआ है। जल वास्तव में अमृत है क्योंकि उसके बिना जीवन की कल्पना नहीं हो सकती।

**(ख) कंप्यूटर**

कंप्यूटर एक ऐसा यंत्र है जिसने मानव के जीवन में क्रांति ला दी है। आरंभ में केवल गणना करने के लिए बने इस यंत्र ने धीरे-धीरे कई कार्यों में मानव का स्थान ले लिया। आज इंटरनेट, टिकट बुकिंग, गेमिंग, टंकण, मुद्रण, चिकित्सा आदि कई क्षेत्रों में कंप्यूटर का बोलबाला है। कंप्यूटर के द्वारा ही संचार के क्षेत्र में क्रांति आ गई है। कंप्यूटर के लाभ के साथ-साथ कुछ हानियाँ भी हैं। कंप्यूटर के कारण मनुष्य के लिए नौकरियों के अवसर कम हुए हैं। मनुष्य गणना आदि के लिए कंप्यूटर पर इतना निर्भर हो गया है कि अब वह सामान्य

गणना के लिए भी कंप्यूटर का प्रयोग करता है। अतः हमें सोच-समझकर ही कंप्यूटर का प्रयोग करना चाहिए।

**2. अब आप अनुच्छेद लिख लेंगे। नीचे लिखे विषयों पर इसी प्रकार अनुच्छेद लिखिए–**

**(क) सदा सत्य बोलो**

हमारे ऋषि-मुनियों ने सत्य को सबसे बड़ा धर्म बताया है। हमें सदैव सत्य बोलना चाहिए। सत्य बोलने से हम सभी के प्रिय और विश्वासपात्र बन जाते हैं। सत्य बोलने से हम कभी-कभी परेशानी में अवश्य पड़ सकते हैं, परंतु झूठ बोलकर स्वयं को और दूसरों को धोखा देने से ये कहीं बेहतर है। एक झूठ को छिपाने के लिए हमें कई झूठ बोलने पड़ते हैं। इसलिए सत्य बोलकर हमें ऐसी परेशानी से बचना चाहिए। धर्म भी यह कहता है कि 'सत्यमेव जयते' अर्थात् सत्य की ही विजय होती है। सत्य बोलने वाला व्यक्ति कभी किसी से घबराता नहीं है। उसे कभी भी किसी रहस्य के खुल जाने का भय नहीं रहता। अतः हमें सदैव सत्य बोलना चाहिए।

**(ख) लालच बुरी बला**

प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है कि लालच बुरी बला है। लालच करने से व्यक्ति कभी संतोष प्राप्त नहीं करता तथा दूसरों के सुख से दुःखी रहता है। लालच के कारण ही व्यक्ति बेईमान बन जाता है। इससे उसे कई कष्टों का सामना करना पड़ता है। हमने कई कहानियों में पढ़ा है कि किस प्रकार लालची व्यक्ति को अपने लालच के कारण मुसीबत झेलनी पड़ी। हमें कभी भी लालच नहीं करना चाहिए और अपने पास जो है उसी में संतोष करना चाहिए। इससे हम सुखी रहते हैं तथा लालच के कारण किसी संकट में भी नहीं पड़ते।

**(ग) समय का सदुपयोग**

जीवन में समय का व अवसर का स्थान सबसे ऊपर है। यदि धन चला जाए तो फिर से कमाया जा सकता है, परंतु यदि अवसर हाथ से निकल गया तो फिर पछताने के अलावा और कुछ शेष नहीं रहता। जीवन में वही व्यक्ति सफल होता है, जो ठीक समय पर ठीक कार्य करता है। ठीक समय पर किया गया छोटा-सा कार्य भी महान होता है और समय के बीत जाने पर, अवसर के हाथ से निकल जाने पर किया गया बड़ा कार्य भी किसी काम का नहीं होता। कहते हैं, 'डूबते को तिनके का सहारा'। उचित अवसर पर मिली छोटी-सी सहायता का भी बड़ा महत्व है। जो व्यक्ति प्रातः ठीक समय पर नहीं उठता, समय तथा अवसर उसके द्वार पर दस्तक देकर लौट जाते हैं। लक्ष्मी किसी के द्वार पर खड़ी होकर प्रतीक्षा नहीं करती। भाग्य तो मनुष्य को उन्नति करने के अवसर देता है। जो व्यक्ति इन अवसरों का लाभ उठाते हैं, वे उन्नति करते हैं; जो लाभ नहीं उठाते, वे जीवन की दौड़ में पिछड़ जाते हैं।

### खंड 'क' : व्याकरण

# 1. भाषा और व्याकरण

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (ब) मौखिक एवं लिखित
(ख) (अ) वर्णों को लिखने का ढंग
(ग) (अ) क्षेत्र विशेष में बोली जाने वाली भाषा
(घ) (ब) 14 सितंबर, 1949 को
(ङ) (ब) अवधी

**रचनात्मक और नवीनता**

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) हिंदी भाषा का उद्‌भव संस्कृत भाषा से माना जाता है, अपने उद्‌भव के पश्चात हिंदी में अनेक परिवर्तन और परिष्कार हुए हैं। आज हिंदी भारत में जन-जन द्‌वारा बोली व समझी जाने वाली लोकप्रिय भाषा है। इसे 14 सितंबर, 1949 को संविधान में राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। भारत में प्रमुख हिंदी भाषी क्षेत्र है–दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश आदि।
अपनी वैज्ञानिकता व लोकप्रियता के कारण हिंदी भाषा का विशव में दूसरा स्थान है। भारत के अतिरिक्त नेपाल, मलेशिया, फिजी, इंडोनेशिया, मॉरीशस तथा जावा में भी हिंदी को बहुत लोकप्रियता प्राप्त है।

(ख) भाषा को शुद्‌ध रूप से लिखने व बोलने के नियमों को ही व्याकरण कहा जाता है। अतः व्याकरण भाषा संबंधी नियमों का शास्त्र कहा जा सकता है। इसके अंतर्गत हम अध्ययन करते हैं–(क) वर्ण-विचार (ख) शब्द-विचार (ग) वाक्य-विचार।

(ग) **भाषा की विशेषताएँ–**

1. भाषा सार्थक ध्वनियों के मेल से बनती है।
2. भाषा के द्‌वारा ही विचारों का आदान-प्रदान संभव है।
3. भाषा के प्रयोग का गौरव केवल मनुष्य को ही प्राप्त है, अन्य प्राणी प्रायः इससे वंचित हैं।

# 2. वर्ण-विचार

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (ब) वर्ण
(ख) (अ) निश्चित
(ग) (ब) स्वर का
(घ) (अ) हलंत ( ् )

2. **प्रश्नोत्तर–**

(क) विशेष ध्वनियाँ

ड़ ढ़ (इनका प्रयोग शब्द के आरंभ में कभी नहीं होता।)

ज़, फ़, ख़, ग़ (ये फारसी से हिंदी में आई ध्वनियाँ हैं।)

ऑ (यह अंग्रेजी से हिंदी में आई ध्वनि है।)

अं, अँ तथा अः अयोगवाह कहे जाते हैं।

(ख) 'र' की मात्रा के विभिन्न प्रयोग वाले कुछ शब्द–नर्म, ताम्र, ट्रक, रूप, रुपया आदि।

**रचनात्मक और नवीनता**

- **सही स्थान पर अनुस्वार (ं) या अनुनासिक (ँ) लगाकर शब्द पूरे कीजिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भजन | **भंजन** | कगन | **कंगन** | आवला | **आँवला** |
| हसमुख | **हँसमुख** | साप | **साँप** | चाटा | **चाँटा** |
| सिदूर | **सिंदूर** | तिरगा | **तिरंगा** | गाधी | **गांधी** |
| गगा | **गंगा** | शख | **शंख** | चादनी | **चाँदनी** |
| काटा | **काँटा** | मद | **मंद** | पखा | **पंखा** |

- **आगत ध्वनियों से आप क्या समझते हैं? आगे दिए गए शब्दों का शुद्ध उच्चारण कीजिए और ध्वनियों का महत्व समझिए–**

स्वयं कीजिए।

## 3. शब्द-विचार

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) (अ) तत्सम शब्द  (ख) (ब) यौगिक शब्द

(ग) (अ) संज्ञा, सर्वनाम  (घ) (अ) योगरूढ़

2. **स्पष्ट कीजिए–**

(क) देशज शब्द–जो शब्द देश में प्रचलित विभिन्न बोलियों से हिंदी भाषा में आए हैं; उन्हें देशज शब्द कहा जाता है; जैसेचाट, पापड़ी, खर्राटा, किलकारी, पगड़ी आदि।

(ख) विदेशी शब्द–भारत में प्रायः विदेशी आते-जाते ही रहे हैं, उनके साथ उनकी भाषा के भी कुछ शब्द हिंदी में घुल-मिल गए इन्हें विदेशी शब्द कहते हैं।

कुछ शब्द देखिए–मजदूर, कूपन, गलीया, स्टेशन, कप, जिला, जरूरत, खुश आदि।

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **वर्ण-विच्छेद कीजिए–**

कमल – क् + अ + म् + अ + ल् + अ

माला – म् + आ + ल् + आ

फूल – फ् + ऊ + ल् + अ

काँटा – क् + आ + अँ + ट् + आ

2. **विदेशी शब्दों को तख्ती पर लिखिए–**

कोट  स्टेशन  तोप  डॉक्टर

# 4. संज्ञा

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **शब्दों के सामने उसका संज्ञा भेद लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कोलकाता | व्यक्तिवाचक संज्ञा | हँसी | भाववाचक संज्ञा |
| बकरी | जातिवाचक संज्ञा | रूमाल | जातिवाचक संज्ञा |
| राणा प्रताप | व्यक्तिवाचक संज्ञा | | |

2. **प्रश्नोत्तर–**

(क) भाववाचक संज्ञा–जिन संज्ञा शब्दों से किसी भाव, दशा, गुण, दोष या कार्य आदि का पता चलता है; उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

(ख) जातिवाचक संज्ञा–जिस संज्ञा शब्द से एक ही प्रकार के सभी प्राणियों, वस्तुओं या स्थानों का पता चलता है, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्दों पर गोला खींचिए–**

| | | |
|---|---|---|
| (फ्रांस) | मछुआ | चाँदी |
| कुर्ता | (लक्ष्मीबाई) | (शशांक) |
| खटास | (हिमालय) | (गोदावरी) |
| बंदर | गाय | गठरी |

2. **भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गिरना | – | गिरावट | प्यासा | – | प्यास |
| सफल | – | सफलता | सफेद | – | सफेदी |
| निज | – | निजता | पशु | – | पशुता |
| शिशु | – | शैशव | | | |

3. **संज्ञा के सभी भेदों के नाम यादकर कक्षा में सुनाइए।**

स्वयं कीजिए।

# 5. लिंग, वचन और कारक

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **सही स्थान पर लिखिए–**

| **स्त्रीलिंग** | **पुल्लिंग** |
|---|---|
| चुहिया, चाबी | चाँद |
| नदी, कुर्सी | शेर |
| सूरत | हाथी |
| चम्मच | समोसा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कटोरी | | मेज | |
| बरफी | | रसगुल्ला | |
| थाल | | | |

2. **बहुवचन लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मछली | मछलियाँ | कुरता | कुर्ते |
| पूरी | पूरियाँ | कला | कलाएँ |
| रुपया | रुपये | आँख | आँखें |
| रोटी | रोटियाँ | बेटा | बेटे |

3. **प्रश्नोत्तर–**
वाक्य में संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के दूसरे शब्दों से उसका संबंध पता चलता है, उसे कारक कहते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **दिए गए कारक चिह्नों का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य लिखिए–**

| | | |
|---|---|---|
| का | – | सविता का लड़का अध्यापक बन गया है। |
| के लिए | – | पढ़ाई के लिए प्रातःकाल का समय उत्तम है। |
| से | – | रमा से कहो कि चाय बना दे। |
| हे | – | हे प्रभु! हमारी विनती सुनो। |
| में | – | इतनी देर में तो वे लोग आ जाने चाहिए। |
| पर | – | छत पर सूरजमुखी के फूल रखे हैं। |

2. **रिक्त स्थान में उचित कारक शब्द भरिए–**
(क) माँ ने रीता का फ्रॉक सिला।
(ख) वृक्ष से फल गिरा।
(ग) सेब को छुरी से काटो।
(घ) ऐ! सब्जी वाले, जरा सुनना।

# 6. सर्वनाम

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **रिक्त स्थान में उचित सर्वनाम शब्द भरिए–**
(क) इस दफ्तर में **मेरे** चाचा जी काम करते हैं।
(ख) जो पर्ची उठाएगा **वह** गाएगा।
(ग) निम्मी ने **मुझे** पुस्तकें दीं।
(घ) अध्यापिका जी ने **हमें** पढ़ने को कहा।
2. **सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–**
(क) **हम** कल चले जाएँगे।
(ख) हर काम में **वह** जल्दबाजी करता है।
(ग) आज कहीं जाने का **मेरा** मन नहीं है।

(घ) **तुम** मेरे जन्मदिन पर अवश्य आना।

3. **प्रश्नोत्तर–**

(क) सर्वनाम मुख्यतः छः प्रकार के होते हैं–

1. पुरुषवाचक सर्वनाम
2. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
3. निश्चयवाचक सर्वनाम
4. सबंधवाचक सर्वनाम
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम
6. निजवाचक सर्वनाम

(ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम–जिन सर्वनाम शब्दों से किसी अनिश्चित व्यक्ति, वस्तु या घटना का आभास मिले, वहाँ अनिश्चियवाचक सर्वनाम होता है; जैसे (क) दाल में कुछ गिरा है। (ख) आज कोई आएगा। (ग) किसी ने मुझे आवाज दी है।

**रचनात्मक और नवीनता**

- **रंगीन शब्दों के स्थान पर उचित सर्वनामों का प्रयोग करते हुए वाक्यों को पुनः लिखिए–**
  नीलू ने बताया कि उसकी बहन शीलू को दिल्ली भेजा गया है। वह वहाँ हॉस्टल में रहेगी। उसे वहाँ एक नौकरी मिल गई है। वह बड़ी मेहनत से काम करेगी। अपनी मेहनत से कमाए रुपयों से वह बच्चों के लिए एक स्कूल खोलेगी।

# 7. विशेषण

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **विशेषण को उचित विशेष्य से मिलाइए–**

| **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|
| कर्कश | किरण |
| सुनहरी | रात |
| गुनगुनी | आवाज |
| काली | धूप |
| दयालु | रजाई |

2. **इन विशेषणों के लिए विशेषण लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ऊँचा | **पर्वत** | ताजा | **दूध** |
| लंबा | **लड़का** | नया | **घर** |
| खट्टा | **नींबू** | पुराना | **शहर** |
| मीठा | **आम** | पहला | **कदम** |
| रसीला | **फल** | अंतिम | **यात्रा** |

3. **प्रश्नोत्तर–**

(क) संख्यावाचक विशेषण–जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बताते हैं, संख्यावाचक विशेषण कहे जाते हैं।

(ख) गुणवाचक विशेषण–जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दोष, स्वभाव, दशा, आकार, रंग आदि के विषय में बताते हैं, वे गुणवाचक विशेषण कहे जाते हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**1. इन विशेषणों की उत्तमावस्था लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रेष्ठ | श्रेष्ठतम | मधुर | मधुरतम |
| कटु | कटुतम | उच्च | उच्चतम |

**2. अपने मित्रों के लिए एक-एक नए विशेषण का प्रयोग करते हुए वाक्य लिखिए; जैसे–**

(क) हँसमुख : आलोक यहाँ आ रहा था।

(ख) मेहनती : विजय कक्षा में प्रथम आया।

(ग) लंबा : नमन वहाँ खड़ा है।

(घ) आलसी : अजय आज नहीं आया।

# 8. क्रिया

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. सुमेल कीजिए–**

भाषण → देना

पत्र → लिखना

सच → बोलना

सब्जी → पकाना

गीत → गाना

नृत्य → करना

**2. उदाहरण देखकर मूल धातु से नए शब्द बनाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चल | चलना | चलता | चलेगा |
| लिख | लिखना | लिखता | लिखेगा |
| पढ़ | पढ़ना | पढ़ता | पढ़ेगा |
| रो | रोना | रोता | रोएगा |
| हँस | हँसना | हँसता | हँसेगा |
| कस | कसना | कसता | कसेगा |

**3. क्रिया पदों को शुद्ध कीजिए–**

(क) शुभ्रा पत्र लिखेगी।

(ख) भीड़ जमा हो गई।

(ग) तुम कहाँ रहोगे?

(घ) जलेबी ठंडी हो गई।

**4. स्पष्ट कीजिए–**

सकर्मक क्रिया–वाक्य में जब क्रिया के साथ कर्म का प्रयोग होता है तो वह सकर्मक क्रिया कहलाती है; जैसे–

कौआ पानी पीता है।

हाथी केले खाता है।

ऊपर दिए गए वाक्यों में पीता है, खाता है सकर्मक क्रियाएँ हैं क्योंकि इनके कर्म पानी और केले दिए गए हैं।

अकर्मक क्रिया–जिस क्रिया के साथ कर्म का प्रयोग नहीं होता, उसे अकर्मक कहते हैं; जैसे–

(क) शेखर हँसता है।

(ख) निधि खाती है।

इन वाक्यों के प्रश्न बनाने पर कोई उत्तर नहीं मिलता–

(क) शेखर क्या देखकर हँसता है? (पता नहीं)

(ख) निधि क्या खाती है? (पता नहीं)

इन वाक्यों में कर्म नहीं है, अतः ये अकर्मक क्रियाएँ हैं।

**रचनात्मक और नवीनता**

**सही स्थान पर लिखिए–**

| **सकर्मक क्रियाएँ** | **अकर्मक क्रियाएँ** |
|---|---|
| आशिमा ने कंबल ओढ़ लिया। | बकरी चरती है। |
| सोमेश ने पत्र लिखा। | चाची जी आए। |
| माँ ने तवे पर परांठा बनाया। | आभा रो पड़ी। |

## 9. क्रिया-विशेषण एवं काल

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. **वाक्यों के सामने दिए निर्देश के अनुसार काल बदलकर वाक्य लिखिए–**

(क) घनघोर घटा छाई थी। (ख) रजनी यहाँ आती है।

(ग) नानी कहानी सुनाएँगी। (घ) मैं भोजन कर रहा हूँ।

2. **वाक्यों में दी गई क्रियाओं के काल लिखिए–**

(क) आज बहुत ठंड है। (वर्तमान काल)

(ख) कल शायद ओले पड़ेंगे। (भविष्यत् काल)

(ग) कल रात खूब हवा चली थी। (भूतकाल)

(घ) हम हीटर खरीदेंगे। (भविष्यत् काल)

3. **प्रश्नोत्तर–**

(क) क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रिया-विशेषण कहलाते हैं।

(ख) क्रिया विशेषण चार प्रकार के होते हैं

**क्रिया विशेषण–**

1. रीतिवाचक क्रियाविशेषण 2. कालवाचक क्रियाविशेषण

3. स्थानवाचक क्रियाविशेषण 2. परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

**रचनात्मक और नवीनता**

**दिए गए इन क्रिया-विशेषणों से एक-एक वाक्य बनाइए–**

तेज – घोड़ा तेज दौड़ता है।

हल्के – रमेश को हल्के में मत लेना।

हमेशा – वह हमेशा सत्य बोलता है।

कम – वह कम खाता है।

झटपट – यह काम झटपट कर लो।

# 10. विविध प्रकार के शब्द

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. विपरीतार्थक शब्द लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रसीला | सूखा | पहला | आखिरी |
| निंदा | प्रशंसा | उदय | अस्त |
| रक्षक | भक्षक | आशा | निराशा |
| विद्वान | मूर्ख | अस्त | उदय |
| जय | पराजय | पुरस्कार | दंड |

**2. एक-एक शब्द लिखिए–**

(क) जिसमें शक्ति न हो–शक्तिहीन

(ख) दुख देने वाला–दुखदायी

(ग) अपने देश की वस्तु–स्वदेशी

(घ) जो कम जानता हो–अल्पज्ञ

3. अर्थ लिखिए–

(क) इच्छा – किसी चीज को प्राप्त करने की सहज कामना।
लालसा – वस्तु को किसी भी प्रकार पाने की कामना।

(ख) विवेक – अच्छाई और बुराई का सूक्ष्म बोध।
ज्ञान – किसी वस्तु या विषय की जानकारी।

(ग) ईर्ष्या – किसी की उन्नति से जलन।
द्वेष – किसी से व्यक्तिगत शत्रुता का भाव।

**रचनात्मक और नवीनता**

**वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

आविष्कार – एडीसन ने बिजली से जलने वाले बल्ब का आविष्कार किया।

अल्पभाषी – कवि सुमन अल्पभाषी सज्जन हैं।

आस्तिक – मैं सदैव से आस्तिक हूँ।

अशक्त – युद्ध में घालय होकर वह अशक्त हो गया।

आज्ञाकारी – आज्ञाकारी छात्र ही सबको प्रिय होते हैं।

# 11. पर्यायवाची शब्द

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. चित्रों के नीचे उनके पर्यायवाची लिखिए–**



माँ, माता, जननी



आदर, मान, सम्मान

2. **अनुमान से पर्यायवाची शब्दों को मिलाइए–**

| (क) | (ख) |
| --- | --- |
| दिन | संसार |
| कमल | गुस्सा |
| विश्व | पक्षी |
| क्रोध | दिवस |
| खग | पंकज |

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **दिए गए शब्दों में से पर्यायवाची छाँटकर लिखिए–**

| | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| गढ़ | किला | मिथ्या | झूठ |
| सम्मान | प्रतिष्ठा | अंधकार | अँधेरा |
| राजा | भूपति | जननी | माता |
| राही | पथिक | प्रवीण | कुशल |

2. **समानार्थक शब्दों की क्या उपयोगिता है? सोचकर बताइए।**

समानार्थक शब्दों से भाषा के सौंदर्य में वृद्धि होती है। इससे हम उचित रूप से स्वयं को अभिव्यक्त कर पाते हैं।

## 12. मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

- **दिए गए मुहावरों को अपने वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए–**

ईंट से ईंट बजाना–(नाश करना) रूस ने यूक्रेन पर हमला कर उसकी ईंट से ईंट बजा दी।
टेढ़ी-खीर–(मुश्किल कार्य) रमेश के लिए परीक्षा में सफल होना टेढ़ी खीर है।
मुँह में पानी भर आना–(ललचाना) समोसे देखकर बच्चों के मुँह में पानी भर आया।
कान भरना–(चुगली करना) कमला दिन भर लोगों के कान भरती रहती है।
हवा से बातें करना–(बहुत तेज भागना) चेतक नाम का घोड़ा हवा से बातें करता था।

**रचनात्मक और नवीनता**

1. **दिए गए इन मुहावरों के अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

अड़ियल टट्टू होना–बहुत जिद्दी होना
राजेश को कितनी ही कहो; परंतु वह नहीं सुधर सकता। वह तो अड़ियल टट्टू है।
अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना–स्वयं ही मुसीबत में फँसना।
आशीष को कर्ज देकर तुमने अपने पैरों पर आप ही कुल्हाड़ी मार ली है।
आस्तीन का साँप होना–कपटी मित्र।
मैं तो सीमा को अच्छी सहेली मानती थी। वह तो आस्तीन की साँप निकली।
अपने मुँह मियाँ मिट्ठू होना–अपनी तारीफ स्वयं करना।
अपने मुँह मियाँ मिट्ठू होना अशोभनीय है।

**2. आँखों से संबंधित चार मुहावरे लिखिए; जैसे–**

(क) आँख दिखाना
(ख) आँखों का तारा
(ग) आँख लगाना
(घ) आँखों में खून उतर आना।

**3. आगे दिए मुहावरों में से सही मुहावरे पर अनुमान से ✓ का निशान लगाइए–**

| | |
|---|---|
| (क) कमर कसना (✓) | बाँह कसना |
| (ख) जीभ खट्टी करना | दाँत खट्टे करना (✓) |
| (ग) फूल सूँघना | साँप सूँघना (✓) |
| (घ) दाँतो चने बचाना | नाको चने चबाना (✓) |
| (ङ) कान न बाँका होना | बाल न बाँका होना (✓) |

## 13. विराम-चिह्न

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**1. दिए गए चिह्नों के आगे उनके नाम लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| । | – पूर्ण विराम | , | – अल्पविराम |
| ; | – अर्ध विराम | ''...'' | – उद्धरण चिह्न |
| — | – योजक चिह्न | | |

**2. इनके लिए जो चिह्न प्रयुक्त होते हैं, वे चिह्न बनाइए–**

| | |
|---|---|
| कोष्ठक | ( ) |
| उद्धरण चिह्न | ''......'' |
| विस्मयादिसूचक चिह्न | ! |
| प्रश्नसूचक चिह्न | ? |

**रचनात्मक और नवीनता**

**आगे दिए गए अनुच्छेद में जहाँ जो चिह्न लगना चाहिए, लगाइए–**

मधु, नीना व पूजा सहेलियाँ हैं। एक दिन मधु ने कहा, ''चलो हम मिलकर कोई नया काम करें।'' नया काम कैसा? पूजा ने हैरानी से पूछा। नए से मतलब है कि एक दिन के लिए हम अध्यापिका जी क अभिनय करते हुए बच्चों को पढ़ाएँ।

# खंड 'ख' : रचना

## 14. पत्र-लेखन

### अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**पाठ में दिए गए पत्रों की ही भाँति विविध प्रकार के पत्र लिखने का अभ्यास कीजिए।**

स्वयं कीजिए।

## 15. कहानी-लेखन

**स्वयं कीजिए।**

# 16. डायरी-लेखन

## अभ्यास

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

- **ये आपकी डायरी के पृष्ठ हैं। निम्नलिखित विषयों पर अपने विचार इसमें लिखने का प्रयास कीजिए–**

(क) **आपका जन्मदिन है, पिताजी ट्रैफिक-जाम के कारण देर से लौटे। माँ ने धैर्यपूर्वक आपका जन्मदिन मनवाया। खुश होने के साथ-साथ आप परेशान भी थे। आपका यह अनुभव कैसा रहा लिखें।**

30, जुलाई, 20.....

आज मेरा जन्मदिन था। सुबह से ही सब मुझे बधाई देने लगे थे। मैंने भी माता-पिता और बड़ों का आशीर्वाद लिया। शाम को सब पार्टी की तैयारी करने लगे। मेरे सारे दोस्त भी आ गए थे। परंतु ट्रैफिक में फँसे होने के कारण पिताजी नहीं आ पाए। माँ ने मुझे समझाया और धैर्यपूर्वक मेरा जन्मदिन मनवाया। मुझे जन्मदिन की खुशी थी परंतु पिताजी की चिंता भी थी। देर रात पिताजी घर लौटे तो मुझे बहुत अच्छा लगा।

(ख) **अगले दिन आपकी अंग्रेजी की परीक्षा थी। अचानक आपकी दादी बीमार हो गई। आपको उनके साथ अस्पताल जाना पड़ा। अगले दिन आपकी परीक्षा में क्या स्थिति रही? लिखिए**

5 मई, 20.......

कल मैं पूरे दिन परीक्षा की तैयारी कर रही थी। अचानक दोपहर को दादी की तबियत खराब हो गई। सब जल्दी से उन्हें अस्पताल ले गए। मुझे भी सबके साथ अस्पताल जाना पड़ा। शाम को हम लौटे। अगले दिन परीक्षा में मैं बहुत डरी हुई थी। परंतु भगवान का शुक्र है कि पेपर अच्छा आया था। लेकिन ठीक से सो न पाने के कारण मैं पूरे समय नींद के झोंके खाती रही। यह परीक्षा मुझे हमेशा याद रहेगी।